संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

08 जून 2026, सोमवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 257

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## रास चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन आज

**रांची ।** झारखंड समेत देश के 10 राज्यों की कुल राज्यसभा 24 सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि सोमवार आठ जून को है। नौ जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 11 जून तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे।राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान 18 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन मतगणना होगी और परिणाम घोषित किये जायेंगे।



संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

08 जून 2026, सोमवार

मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 257

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### नीट पेपर लीक के बाद एनटीए सिस्टम बदलेगा, तैयारी शुरु

**नई दिल्ली ।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और सीबीएसई की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एनटीए ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्सपर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के क्वेश्चन पेपर बना रहे हैं। नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे।

## विशेष संपादकीय

## राज्यसभा चुनाव : हेमंत का निर्णय काबिले तारीफ

**अशोक कुमार**

18 जून को होने जा रहे राज्यसभा चुनाव को लेकर राज्य में महागठबंधन और एनडीए के बीच राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज है। दो सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव को लेकर दो दिन पूर्व तक महागठबंधन में कांग्रेस और झामुमो के बीच काफी खींचतान चल रही थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित झामुमो के सभी नेता इस बात को लेकर काफी नाराज थे कि कांग्रेस ने बिना उनसे विचार विमर्श किए अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी थी। झामुमो नेताओं की नाराजगी बिल्कुल स्वाभाविक थी। गठबंधन की सरकारों में कोई भी निर्णय आपसी सहमति से लिए जाने की स्वस्थ परंपरा रही है। इसी नाराजगी की वजह से झामुमो नेताओं ने अपने अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बैठक कर दोनों सीटों पर उम्मीदवार देने का निर्णय ले लिया था। लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद हेमंत सोरेन को बात माननी पड़ी ।

समझा जाता है कि राहुल गांधी ने हेमंत सोरेन को समझाया कि यदि हम एक सीट के लिए आपस में बटेंगे तो महागठबंधन को लेकर गलत संदेश जाएगा और भाजपा को विधायकों को तोड़ने और खरीद फरोख्त करने में मदद मिलेगी। हेमंत सोरेन ने राजनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए कांग्रेसी नेताओं की बात को अंततः मान लिया। महागठबंधन में दरार पड़ते-पड़ते हेमंत ने बचा लिया। हेमंत सोरेन ने एक और साहसिक और काबिले तारीफ निर्णय लेकर न केवल अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को बल्कि विपक्ष को भी चौंका दिया कि उन्होंने गुरुजी की इस सीट को पारिवारिक दबाव के बावजूद अपने परिवार के किसी सदस्य को उम्मीदवार नहीं बनाकर भाजपा से झामुमो में आए दलित नेता बैद्यनाथ राम को उम्मीदवार घोषित किया।

जिस तरह नरेंद्र मोदी देश में और खासकर झारखंड में आदिवासी और पिछड़ा कार्ड खेल रहे हैं और झामुमो को वंशवाद की पार्टी बताकर खुले मंच से झामुमो की आलोचना करते रहे हैं उसी तर्ज पर हेमंत सोरेन ने दलित कार्ड खेलकर भाजपा को बता दिया कि हम पारिवारवाद वाली पार्टी नहीं हैं। हमारी पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। हेमंत सोरेन ने एक तीर से दो शिकार किया है। एक तो भाजपा को यह संदेश दिया कि वह उनपर परिवारवाद और राज्यसभा चुनाव में थैलीवाद का आरोप नहीं लगाए और दूसरा कांग्रेस को संदेश दिया कि वह दलितों की उपेक्षा न करे। पलामू प्रमंडल में दलितों की अच्छी खासी आबादी है और वहां झामुमो की स्थिति बहुत मजबूत नहीं है।

उन्होंने बैद्यनाथ राम को उम्मीदवार बनाकर दलितों के बीच अपनी साख बढ़ाने का काम किया है। लेकिन राज्यसभा चुनाव के मुतल्लिक एक बात की चर्चा करना काफी महत्वपूर्ण होगा कि झामुमो सुप्रीमो स्व शिबू सोरेन का विशेष ध्यान रखनेवाले और वर्षों से उनके साथ रहनेवाले पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनादे पांडेय और दूसरे केंद्रीय महासचिव व प्रवक्ता और वर्षों से पार्टी की सेवा में समर्पित रहनेवाले सुप्रीयो भटटचार्य को यदि पार्टी राज्यसभा का उम्मीदवार बनाती तो पार्टी के सामान्य कार्यकताओं में इस विश्वास को बल मिलता कि पार्टी नेतृत्व आज न कल उन्हें भी समुचित पद और प्रतिष्ठा देगी।

# आज होगी इंडिया गठबंधन की महा बैठक डीएमके-आप ने बनाई दूरी, जेएमएम भी नाराज

**● सीपीआई-एम ने भी कांग्रेस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** इंडिया ब्लॉक की सोमवार को होने वाली बैठक से पहले मतभेद सामने आ गए हैं। डीएमके द्वारा कांग्रेस की मौजूदगी के कारण इस बैठक से दूर रहने की घोषणा के बाद अब सीपीआई-एम ने भी कांग्रेस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। सीपीआई-एम ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि केरल में उसके नेताओं द्वारा लगाए गए बीजेपी के साथ 'डील' के आरोप गठबंधन की मूल भावना के खिलाफ हैं। सूत्रों का कहना है कि झारखंड राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार उतारे जाने से बाद से हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा भी नाखुश है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीपीआई-एम महासचिव एम ए बेबी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही इस पत्र की कई कॉपियां गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों को भी भेजी हैं। बेबी ने पत्र में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के बयानों पर ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि केरल विधानसभा चुनाव अभियान में कांग्रेस ने बार-बार ये प्रचार किया कि सीपीआई-एम और बीजेपी के बीच राजनीतिक समझौता है और तत्कालीन सीएम पिनराई विजयन और पीएम मोदी के बीच खास डील हुई है। सीपीआई-एम ने इसे विपक्षी गठबंधन की भावना के खिलाफ बताया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक माकपा नेता ने इन आरोपों को पूरी तरह से मनगढ़ंत करार दिया है जिसे वो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कर सकते! उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को याद दिलाया कि केरल की धरती पर आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ सीधे राजनीतिक लड़ाई लड़ते हुए माकपा ने अपने सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं को खोया है। बेबी ने अपने पत्र में कहा कि इंडिया ब्लॉक बीजेपी के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के लिए बना था और ऐसे वक्त में सहयोगी दलों पर ही संदेह जताना गठबंधन की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन आरोपों पर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो 8 जून यानी सोमवार की गठबंधन बैठक से पहले ही एकता पर सवाल खड़े हो जाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस के रवैये पर कड़े सवाल उठाने के बावजूद सीपीआई-एम ने विपक्षी एकजुटता और समन्वय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। बेबी ने साफ किया कि उनकी पार्टी संसद के अंदर मोदी सरकार की तानाशाही, सांप्रदायिक और जनविरोधी नीतियों का मजबूती से विरोध करने के लिए अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर काम करती रहेगी। वहीं, दिल्ली में होने वाली इस रणनीतिक बैठक में ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और राहुल गांधी जैसे शीर्ष नेताओं के शामिल होने की संभावना है। हालांकि, कांग्रेस के साथ मतभेदों के चलते डीएमके के इस बैठक में शामिल होने की उम्मीद कम हैं।

दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने भी इस बैठक से दूरी बना ली है, जिससे विपक्षी गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उधर, झारखंड में आगामी राज्यसभा चुनावों में दो राज्यसभा सीटों में से एक पर कांग्रेस द्वारा अपने उम्मीदवार प्रणव झा की घोषणा करने पर जेएमएम भी कांग्रेस से नाराज है। सूत्रों का कहना है कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ जेएमएम राज्य की दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारना चाहती थी, क्योंकि जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन के पास दोनों सीटें जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल है। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने गठबंधन में किसी भी तरह की फूट या बिखराव के दावों को खारिज किया है। राउत ने कहा कि भले ही डीएमके ने इस बैठक से दूरी बना ली हो, लेकिन विपक्ष को तमिलनाडु में टीवीके के रूप में एक मजबूत वैकल्पिक मित्र मिल गया है।

# 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ नितिन नबीन ने झारखंड भाजपा को दिया 2029 का लक्ष्य

**प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक नियमित बैठकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश**




**संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने झारखंड भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का मंत्र देते हुए वर्ष 2029 के लक्ष्य को लेकर अभी से तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश टीम का गठन आगामी राजनीतिक चुनौतियों और वर्ष 2029 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया गया है तथा यही टीम भविष्य के चुनावी अभियान का नेतृत्व करेगी।

नितिन नवीन रविवार को अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन प्रदेश कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, प्रदेश मीडिया टीम, प्रवक्ता, सोशल मीडिया और आईटी सेल के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम् के साथ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा झारखंड का मजबूत राजनीतिक आधार रही है और भविष्य में भी रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बावजूद जनता के बीच भाजपा के प्रति विश्वास और समर्थन कायम है। उन्होंने स्वीकार किया कि पार्टी जनता का भरोसा पूरी तरह जीतने में सफल नहीं रही, लेकिन अब निराशा को आशा में बदलने और संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का समय है।

नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया।

# मुख्यमंत्री ने रास चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान



**संवाददाता**

**रांची ।** रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में रविवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्यसभा चुनाव-2026 के मद्देनजर सत्तारूढ़ दल के मंत्री और विधायक की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सत्ताधारी दल के सभी मंत्री और विधायक उपस्थित थे। इस दौरान राज्यसभा चुनाव से संबंधित रणनीति एवं विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सत्तारूढ़ दल के दोनों राज्यसभा उम्मीदवार भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी जनप्रतिनिधियों से एकजुट होकर चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक में संगठनात्मक समन्वय को मजबूत करने और राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

**सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन सो़ंगेय ञापामेना भूपेश बघेल**

## रास चुनाव रेयाक् साप्-सापड़ाव बाबो़त होय एना गापालमाराव



**खोबोरिया**

**रांची।** राज्यसभा चुनाव-2026 रेयाक् साप्-सापड़ाव बाबो़त रे झारखंडरेयाक् राजधानी रांची रे सिंगेमाहां हिलोक् मित् राजनीतिक साप्-सापड़ाव ञेलेना। छत्तीसगढ़ रेन माड़ाङ रेन सिरा़मंत्री आर कांग्रेस सेच् खो़न राज्यसभा चुनाव ला़गित् बाछावाकान पर्यवेक्षक भूपेश बाघेल आर अजय शर्मा दो़ सिरा़मंत्री आवास सेटेर काते हेमंत सोरेन सो़ंगेकिन ञापामेना। नोआ ताला रे दाराय राज्यसभा चुनाव बाबो़त रेजुदा़-जुदा़ मुद्दा इदि कातेको गापालमाराव केदा।

राजनीतिक खो़बो़रिया़कोवाक् ला़ई लेकाते, सिरा़मंत्री आवास रे होयेन नोआ दुपुडुप् रे गठबंधन रेयाक् चुनावी राणनीति, गो़क्ड़ो़ दो़ल ताला रे मो़ंज जोगाजोग आर निताक् राजनीतिक ओ़बो़सता बाबो़त रेको गालमाराव केदा। नेता दो़ राज्यसभा चुनाव रे गठबंधन जिता़उओचोय ला़गित् मिमित् आनाटको आर ओ़पसो़रको रे हो़ंको गापालमाराव केदा।

दुपुडुप् ताला रे चुनावी साप्-सापड़ावको बाबो़त रे लाहा सेयाक्राणनीतिक बाबो़त रेको गालमराव केदा। गठबंधन रेन जो़तो़ दो़ल तालारे तालमेल केटेज आर चुनावी प्रबंधन लासेर ला़गित् जोरको एमावादा। सांवते राजनीतिक ओ़बो़सता लेका रे साझा रणनीति साप्-सापड़ाव रे हो़ं काथाको बा़हूवादा।

## रांची समेत 20 जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट

**लोगों को सतर्क रहने की सलाह**

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड में रविवार को मौसम ने पूरी तरह करवट बदल ली है। राज्य के ऊपर सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण राजधानी रांची समेत 20 जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने तेज हवाओं, गरज-चमक और बारिश की आशंका को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। सोमवार को भी मौसम का यही रुख बने रहने के आसार हैं। गुमला में तो सुबह से ही हल्की बारिश शुरू हो चुकी है, जिससे वहां का मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार की दोपहर और शाम को रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रामगढ़, बोकारो, धनबाद और हजारीबाग में गरज-चमक के साथ अच्छी बारिश हो सकती है। इसके अलावा देवघर, दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज जैसे उत्तर-पूर्वी जिलों में भी हल्की से मध्यम बौछारें पड़ने के संकेत हैं। इस दौरान कई क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है, जिसे देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

एक तरफ जहाँ अधिकांश जिलों को इस बारिश से राहत मिली है, वहीं पलामू प्रमंडल में गर्मी का सितम अब भी जारी रहेगा। पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा को छोड़कर ही बाकी जिलों में मौसम का असर दिखेगा। डालटनगंज एक बार फिर राज्य का सबसे गर्म जिला रह सकता है।

## ओडिशा : इंजीनियर के लॉकरों से मिला 2 करोड़ कैश



**एजेंसी**

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा के असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बैकुंठ नाथ बेहरा के पास से करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हुआ है। बेहरा कंधमाल जिले के बलिगुड़ा स्थित एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी में पदस्थ हैं। उनका जूनियर इंजीनियर के पद पर अपॉइंटमेंट हुआ था। तब सैलरी 6 हजार रुपए थी। ओडिशा विजिलेंस को बेहरा के पास आय से ज्यादा संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद भुवनेश्वर के विशेष न्यायाधीश (विजिलेंस) के सर्च वारंट के आधार पर विजिलेंस ने शुक्रवार को भुवनेश्वर, जाजपुर, बारिपदा और कंधमाल जिले के कुल 9 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 5 बहुमंजिला इमारतें, 13 प्लॉट, सोने के गहने और बैंक लॉकरों से करीब 2.4 करोड़ कैश बरामद किए गए हैं। सभी संपत्तियों की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। इसे हाल के वर्षों की सबसे बड़ी आय से अधिक संपत्ति की कार्रवाइयों में एक माना जा रहा है।

**महंगाई की डबल मार**

## रसोई गैस, ईंधन के बाद दूध-दाल और अनाज भी महंगे



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और बड़ा झटका लगा है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 29 रुपये की बढ़ोतरी के बाद अब ईंधन, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुओं के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम परिवारों के मासिक बजट पर पड़ रहा है और रसोई का खर्च पहले की तुलना में काफी अधिक हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के कारण परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ गई है। इसका असर सप्लाई चेन पर पड़ा है और खाद्य वस्तुओं सहित लगभग हर उत्पाद महंगा हो गया है। दूध उत्पादकों पर पशु चारा, पैकेजिंग और ईंधन लागत का दबाव बढ़ने से कई डेयरी कंपनियों ने दूध की कीमतों में करीब दो रुपये प्रति लीटर तक वृद्धि की है। दाल, खाद्य तेल, सब्जियां और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री भी महंगी हो गई हैं। बाजार विशेषज्ञों का अनुमान है कि आम परिवार की थाली का खर्च पिछले कुछ महीनों में करीब 30 प्रतिशत तक बढ़ा है। इसके अलावा साबुन, डिटर्जेंट और अन्य उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों ने भी बढ़ती लागत का हवाला देते हुए कीमतों में 2 से 14 प्रतिशत तक वृद्धि की है।

## एनडीए का उम्मीदवार भी आज करेगा नामांकन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा की एक सीट के लिए एनडीए का उम्मीदवार भी सोमवार को नमांकन पत्र भरेगा। यह बात भाजपा के प्रदेश महासचिव और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी ने आज शाम मीडिया से कही। लेकिन उन्होंने एनडीए के उम्मीदवार के नाम का खुलासा करने से इंकार कर दिया। उन्होंने दावा किया है कि एनडीए उम्मीदवार की जीत के लिए पर्याप्त समर्थन है।

राजनीतिक हलके में यह चर्चा है कि परिमल नाथवानी एनडीए के उम्मीदवार हो सकते हैं। उन्होंने भी नामांकन पत्र खरीद कर रखा है कि चुनाव के सिलसिले में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मिल चुके हैं। उन्हें मुख्यमंत्री से क्या आश्वासन मिला, इसका खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन ऐसी संभावना जताई जा रही है कि परिमल नाथवानी को अन्य दलों के विधायकों का समर्थन मिल सकता है।आज शाम अचानक भाजपा के कई विधायक पार्टी मुख्यालय पहुंचे। भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल के साथ महामंत्री अमर कुमार बावरी भी थे।

### नामांकन का अंतिम दिन आज

झारखंड समेत देश के 10 राज्यों की कुल राज्यसभा 24 सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि सोमवार आठ जून को है। नौ जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 11 जून तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे।राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान 18 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन मतगणना होगी और परिणाम घोषित किये जायेंगे।

## झारखंड के 1.5 टन आम्रपाली आम लंदन रवाना

**जापान ने लेने से मना किया था, महिला किसानों की मेहनत को मिला अंतर्राष्ट्रीय बाजार**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय आमों के निर्यात को लेकर हाल के दिनों में जहां जापान द्वारा कुछ प्रीमियम किस्मों के आयात पर अस्थायी रोक की खबरें चर्चा में रहीं, वहीं अब ब्रिटेन ने भारतीय आमों पर भरोसा जताते हुए झारखंड के प्रसिद्ध आम्रपाली आमों की 1.5 टन की खेप मंगाई है। यह खेप लंदन के लिए रवाना कर दी गई है, जिसे झारखंड राज्य के कृषि निर्यात क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) ने झारखंड से ब्रिटेन के लिए ताजा आमों की पहली व्यावसायिक खेप भेजने की जानकारी दी है। यह खेप 4 जून को कोलकाता से लंदन के लिए रवाना की गई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पर इस उपलब्धि को साझा करते हुए इसे ÷लोकल गोज ग्लोबल÷ का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड के सिमडेगा जिले की महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा उगाए गए आम्रपाली आम अब यूनाइटेड किंगडम के बाजार तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे किसानों को बेहतर मूल्य, महिलाओं को नई पहचान और भारत के कृषि निर्यात को नई गति मिली है। इस सफलता की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आमों की यह खेप सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड स्थित बेउरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से प्राप्त की गई है। यह पूरी तरह महिला किसानों द्वारा संचालित किसान उत्पादक कंपनी है, जिसमें स्थानीय महिलाएं खेती, प्रसंस्करण और विपणन की जिम्मेदारी संभालती हैं। ब्रिटेन भेजी गई 1.5 टन आम्रपाली आम की खेप का निर्यात कोलकाता स्थित जेजीबी एग्रोफ्रेश प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। विशेषज्ञों के अनुसार यह निर्यात न केवल किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि झारखंड के कृषि उत्पादों को वैश्विक पहचान भी दिलाएगा। इस उपलब्धि के पीछे एपीईडीए की प्रशिक्षण पहल भी महत्वपूर्ण रही। मई 2026 में संस्था ने सिमडेगा जिले के किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) और प्रगतिशील किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया था।

## खान सर के हॉस्पिटल और कोचिंग इंस्टीट्यूट को भेजा गया नोटिस



**एजेंसी**

**पटना ।** पटना में फैजल खान उर्फ खान सर के नाम से फेमस टीचर की मुसीबतें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। पहले पुलिस ने गिरफ्तार करने के लिए तलाश कर रही है, अब पटना के फायर डिपार्टमेंट की ओर से उन्हें हॉस्पिटल और कोचिंग इंस्टिट्यूट को लेकर नोटिस जारी किया गया है। रविवार दोपहर फैजल खान के कोचिंग इंस्टिट्यूट 'खान ग्लोबल कोचिंग सेंटर' में फायर ऑडिट करने के लिए फायर डिपार्टमेंट की टीम पहुंची। इस दौरान देखा गया टीम फायर सेफ्टी के लहजे से उनके कोचिंग सेंटर का निरीक्षण करती नजर आई।

निरीक्षण के दौरान कोचिंग सेंटर और अस्पताल में पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले, इस पर उन्हें नोटिस जारी किया गया है। इसे लेकर बिहार फायर सर्विस के सीनियर कमांडेंट रितेश पांडे ने कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर और बिहार के मुजफ्फरपुर में हाल की घटनाओं को देखते हुए, हमारे डायरेक्टर जनरल ने बिहार, खासकर पटना में सभी होटलों, अस्पतालों और कोचिंग सेंटरों की जांच करने के सख्त निर्देश दिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां आग से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं।

## कॉकरोच का जंतर मंतर में प्रदर्शन अरुण जेटली और सीजेआई संयोग?

संसद में जब विपक्षी दल सरकार पर नोटबंदी को लेकर विरोध जता रहे थे उस समय पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था जनता को यदि परेशानी होती तो वह सड़कों पर होती। जनता को नोटबंदी से कोई परेशानी नहीं है, विपक्षियों को नुकसान हुआ है इसलिए वह विरोध जता रहे हैं। कुछ समय पहले मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत जी ने बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच की पहचान से नवाजा था। इसके विरोध में सारे युवा एकजुट हो रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार शिक्षा, रोजगार, नौकरी और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दे पा रही है। स्नातक और पर परास्नातक की डिग्री लेने के बाद भी युवा बेरोजगार होकर यहां से वहां घूम रहे हैं। नीट जैसी परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। हर परीक्षा में धांधली हो रही है। ऐसी स्थिति में युवाओं के बारे में जो टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने की उसने युवा कॉकरोच को सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है। रही सही कसर नीट परीक्षा का पेपर लीक होना तथा सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में जिस तरह की गड़बड़ी हुई है उसमें जो भ्रष्टाचार हुआ है उसको लेकर लाखों छात्र और उनके परिवारजन सड़कों पर आने के लिए विवश हुए हैं। 6 जून काकरोचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन साबित होने जा रहा है। जब अमेरिका से आकर दीपक अभीजीते के नेतृत्व में हजारों लोगों की भीड़ जंतर मंतर पर पहुंच गई। यह भीड़ अपनी लड़ाई अब स्वंय लड़ने के लिए देश भर में इकट्ठी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से सरकार असंवेदनशील होती चली जा रही है। जन आंदोलनो को सख्ती के साथ दबाया जा रहा है। किसान आंदोलन से लेकर अभी तक जितने भी आंदोलन हुए हैं, सरकार ने आंदोलनो को दबाने के लिए पुलिस का सहारा समय-समय पर लिया है। लाठी चार्ज, वाटर कैनिंग, आंसू गैस के गोले इत्यादि का प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ दिया जाता है, लेकिन उनके द्वारा जिन समस्याओं को लेकर आंदोलन किए जा रहे थे उन पर केंद्र एवं राज्य सरकारें कोई निर्णय नहीं लेती हैं।

अब पानी सर के ऊपर से गुजर चुका है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाजारवाद, कर्ज ऐसे मामले हो गए हैं जिनसे सबसे ज्यादा परेशान युवा वर्ग है। पढ़ाई करने के बाद भी उसे कोई रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है। जो प्रतियोगी अथवा चयन के लिए परीक्षाएं हो रही हैं उन सब में पेपर लीक हो रहे हैं। पिछले दरवाजे से नौकरियां दी जा रही हैं। सारी व्यवस्था सत्ता में बैठे हुए लोगों के हाथ में केंद्रित हो गई है। करोड़ों युवा यहां से वहाँ भाग रहे हैं। ना तो उन्हें कोई काम मिल रहा है ना सरकारी नौकरी मिल रही है और ना ही संविदा नौकरी ही मिल रही है, उल्टे हर परीक्षा के नाम पर बेरोजगारों को लूटा जा रहा है। इससे अब युवा वर्ग नाराज होकर सड़कों पर आ गया है। शासन-प्रशासन और न्यायालय से वह पूरी तरह से निराश हो चुका है। शासन-प्रशासन और न्यायालय, सरकार और पूंजीपतियों के दबाव में काम कर रही हैं, जिसके कारण युवा वर्ग इस समय आक्रोशित है। रही सही कसर चुनाव आयोग ने पूरी कर दी। एसआईआर को लेकर जिस तरह से युवा मतदाताओं को परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा है, उन्हें अब यह भी शक होने लगा है कि वह भारत के नागरिक हैं या नहीं। ऐसी स्थिति में अब उसका सड़कों पर उतरना तथा अपने जीवन की आर- पार की लड़ाई लड़ने का जैसे उसे एक लक्ष्य मिल गया है। युवा जिस तरह से आक्रोशित हैं उनका आक्रोश जायज है। जब वह परिवार में जाते हैं तो मां-बाप और परिवारजन उनकी बेरोजगारी को लेकर ताना कसते हैं। 30-35 साल की उम्र हो जाने के बाद भी उनकी शादी नहीं हो पा रही है। शादी नहीं होने का कारण बेरोजगारी है। सरकारी पद करोड़ों की संख्या में खाली पड़े हुए हैं। लोग सेवानिवृत होते जा रहे हैं। सरकारी पदों पर लगातार कटौती की जा रही है। कानून बदल दिए गए हैं। अब ठेके पर संविदा नौकरी दी जा रही है उसमें अधिकतम 12000 से ?20000 तक मिल रहे हैं। यह नौकरी कभी भी छूट जाती है, जिसके कारण लड़के और लड़कियां शादी के बंधन में बंधना नहीं चाहते हैं। जब इतनी सारी समस्या हो तब केंद्र सरकार, राज्य सरकार और सुप्रीम कोर्ट जैसे सबसे ऊंचे पद पर बैठे हुए लोग युवाओं की अनदेखी करें ऐसी स्थिति में युवाओं को सड़कों पर उतरने के अलावा कोई चारा भी नहीं है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना होगा। ऐसा क्यों हो रहा है, भारत सबसे बड़ा युवा आबादी वाला देश है।

चीन जैसा देश जो कभी आबादी में सबसे बड़ा होता था उसने पिछले 30 वर्षों में जो विकास किया है उसने सारी दुनिया को चौंका दिया है। आज चीन निर्माण, रिसर्च और तकनीकी के क्षेत्र में सबसे आगे है और वह एक महाशक्ति बनने की कगार पर आकर खड़ा हो गया है। जिस तरह से चीन अमेरिका और रूस के मुकाबले आर्थिक और सामरिक संसाधनों से युक्त होते हुए उनके सामने खड़ा है। यह चीन की बड़ी सफलता है, लेकिन भारत इन्हीं 30 वर्षों में किस तरीके से चीन के ऊपर निर्भर होता चला गया है, हमने अपनी युवा पीढ़ी को सही दिशा देने में निश्चित रूप से कोई कोताही बरती है जिसके कारण पिछले 30 वर्षों में चीन के मुकाबले भारत तेजी के साथ बिछड़ना जा रहा है और आज हमारी सबसे बड़ी शक्ति जो युवा पीढ़ी के रूप में हमारे साथ है।

# नरेंद्र मोदी के नाम दर्ज होने जा रहा एक नया रिकॉर्ड

**महेन्द्र तिवारी**

भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है। यहाँ जनता समय-समय पर अपने नेताओं का चयन करती है और सत्ता परिवर्तन के माध्यम से लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाती है। स्वतंत्रता के बाद से देश ने अनेक प्रधानमंत्रियों को देखा, लेकिन कुछ नेता ऐसे रहे जिन्होंने केवल शासन नहीं किया बल्कि भारतीय राजनीति की दिशा और स्वरूप को भी गहराई से प्रभावित किया। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं के बाद यदि किसी प्रधानमंत्री ने सबसे अधिक प्रभाव छोड़ा है तो वह नरेंद्र मोदी हैं। 10 जून 2026 का दिन इसी कारण राजनीतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे रिकॉर्ड के साथ चर्चा के केंद्र में होंगे जो भारतीय राजनीति में उनके लंबे और प्रभावशाली सफर का प्रतीक माना जा रहा है।नरेंद्र मोदी ने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उस समय भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त किया था। यह जीत इसलिए ऐतिहासिक थी क्योंकि लगभग 30 वर्षों बाद किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिला था। उस दौर में देश भ्रष्टाचार, आर्थिक सुस्ती और राजनीतिक अस्थिरता जैसे मुद्दों से जूझ रहा था। जनता एक ऐसे नेतृत्व की तलाश में थी जो निर्णायक दिखाई दे और देश को नई दिशा दे सके। नरेंद्र मोदी ने विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व के नारों के साथ चुनाव अभियान चलाया और जनता ने उन्हें भारी समर्थन दिया।

2014 की जीत केवल एक चुनावी विजय नहीं थी बल्कि भारतीय राजनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत थी। लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में रहने वाली कांग्रेस पार्टी पहली बार इतनी कमजोर स्थिति में पहुँच गई। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय राजनीति की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी। नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व इस परिवर्तन का मुख्य केंद्र बन गया। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पहचान पहले से ही एक विकासवादी नेता की बन चुकी थी और उसी छवि को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार मिला।इसके बाद 2019 का लोकसभा चुनाव आया। सामान्यतः किसी सरकार के 5 वर्षों के बाद सत्ता विरोधी लहर देखी जाती है, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पहले से भी अधिक सीटें जीत लीं। इस विजय ने यह स्पष्ट कर दिया कि मोदी केवल एक लोकप्रिय नेता नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्व बन चुके हैं। 2019 की जीत के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हुई। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, तीन तलाक कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर उनकी सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए जिनका व्यापक राजनीतिक प्रभाव पड़ा। 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह उपलब्धि अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। लगातार तीन बार सत्ता में लौटना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आसान नहीं होता। इसके लिए केवल चुनावी रणनीति ही नहीं बल्कि व्यापक जनसमर्थन, मजबूत संगठन और प्रभावी नेतृत्व की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि मोदी की तीसरी पारी को भारतीय राजनीति के बड़े घटनाक्रमों में गिना जाता है।

10 जून 2026 को नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन को लेकर चर्चा इसलिए तेज है क्योंकि वे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री बने रहने वाले नेताओं की सूची में और अधिक मजबूत स्थिति प्राप्त करेंगे। भारतीय राजनीति में लंबे कार्यकाल का विशेष महत्व माना जाता है क्योंकि लोकतंत्र में जनता हर चुनाव में सरकार को बदलने का अधिकार रखती है। ऐसे में यदि कोई नेता लगातार वर्षों तक जनता का समर्थन बनाए रखता है तो यह उसकी राजनीतिक क्षमता और जनस्वीकार्यता को दर्शाता है।

स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू लगभग 16 वर्ष 286 दिन तक लगातार प्रधानमंत्री रहे। यह रिकॉर्ड आज भी सबसे लंबा लगातार प्रधानमंत्रित्व माना जाता है। नेहरू ने 15 अगस्त 1947 से लेकर 27 मई 1964 तक देश का नेतृत्व किया। उनके सामने विभाजन की त्रासदी, आर्थिक कमजोरी, संस्थाओं के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय पहचान जैसी अनेक चुनौतियाँ थीं। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं की नींव मजबूत करने, सार्वजनिक क्षेत्र के विकास और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया। आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण माना जाता है।

दूसरी ओर नरेंद्र मोदी ऐसे समय में प्रधानमंत्री बने जब भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका था। उनके सामने चुनौती थी कि भारत को आर्थिक, सामरिक और तकनीकी दृष्टि से और अधिक शक्तिशाली बनाया जाए। मोदी ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और मजबूत नेतृत्व को अपनी राजनीति का मुख्य आधार बनाया। उन्होंने विदेश नीति में भी सक्रियता दिखाई। अमेरिका, फ्रांस, रूस, जापान और खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंधों को नई गति मिली। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली दिखाई देने लगी।

मोदी सरकार के दौरान अनेक कल्याणकारी योजनाएँ भी शुरू की गईं। जन धन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। आयुष्मान योजना के जरिए गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने का प्रयास हुआ। स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता को राष्ट्रीय मुद्दा बनाया। कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन योजना ने करोड़ों लोगों को राहत दी। इन योजनाओं ने गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के बीच मोदी सरकार की लोकप्रियता बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई।हालांकि विपक्ष लगातार सरकार की आलोचना भी करता रहा है। बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट और सामाजिक तनाव जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश की गई। कई विश्लेषकों का मानना है कि आर्थिक असमानता अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराना आने वाले समय में सरकार के सामने सबसे कठिन कार्यों में से एक होगा। किसान आंदोलन ने भी यह दिखाया कि बड़े जनसमूह सरकार की नीतियों का विरोध कर सकते हैं। लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद नरेंद्र मोदी की राजनीतिक लोकप्रियता लंबे समय तक बनी रही।भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक शक्ति भी मोदी की सफलता का एक बड़ा कारण रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा का विशाल कार्यकर्ता तंत्र बूथ स्तर तक सक्रिय रहता है। चुनाव प्रबंधन, प्रचार अभियान और मतदाताओं तक सीधा संपर्क भाजपा की विशेषता बन चुके हैं। इसके अलावा विपक्ष की एकजुटता की कमी ने भी भाजपा को लाभ पहुँचाया। कई राज्यों में विपक्षी दल आपसी मतभेदों के कारण मजबूत चुनौती प्रस्तुत नहीं कर सके।आधुनिक राजनीति में संचार माध्यमों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो चुकी है। नरेंद्र मोदी ने डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया। सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता ने उन्हें युवाओं और नए मतदाताओं से सीधे जोड़ने में सहायता की। रेडियो कार्यक्रमों, वीडियो संदेशों और विशाल जनसभाओं के माध्यम से उन्होंने लगातार जनता के साथ संवाद बनाए रखा। यह शैली पहले के प्रधानमंत्रियों से अलग मानी जाती है। नेहरू के समय में संचार के साधन सीमित थे, जबकि आज राजनीति का बड़ा हिस्सा डिजिटल मंचों पर भी संचालित होता है।

इतिहास केवल आँकड़ों से नहीं बनता बल्कि जनमानस की स्मृतियों से भी बनता है। जवाहर लाल नेहरू को आधुनिक भारत की संस्थाओं के निर्माण के लिए याद किया जाता है। इंदिरा गांधी को निर्णायक नेतृत्व और राजनीतिक साहस के लिए जाना जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी को संवाद और सहमति की राजनीति का प्रतीक माना जाता है। नरेंद्र मोदी की छवि एक ऐसे नेता की बनी है जिसने भारतीय राजनीति को अत्यधिक केंद्रीकृत नेतृत्व की दिशा दी और राष्ट्रवाद को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में स्थापित किया।

# प्रदेश की महिलाओं के विश्वास का आधार बनी डॉ. मोहन यादव सरकार

**आलोक एम इंदौरिया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिस तरह प्रदेश की महिलाओं के समग्र उत्थान लिए काम कर रहे हैं, उसके चलते राजनीतिक विथिकाओं में अब ऐसा माना जाने लगा है कि डॉ. मोहन यादव और बहनों के बीच स्वस्थ आत्मीय रिश्ते प्रगाढ़ होते जा रहे हैं। भाई-बहन के ये रिश्ते भारतीय जनता पार्टी के लिए न केवल बेहद मुफीद होंगे बल्कि 2028 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की तकदीर लिखने में महत्वपूर्ण रोल अदा करेंगे। डॉ. मोहन यादव अपने समग्र महिला उत्थान और स्वावलंबन के इन तमाम भागीरथी प्रयासों से वे प्रदेश की बहनों के बीच न केवल खासे लोकप्रिय हो गए हैं, बल्कि वे अब देश की बहनों के लाड़ले भैया के रूप में माने जाने लगे हैं।

मध्यप्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की कमान संभाली और बेहद समझदारी के साथ परिपक्व राजनेता तब्दील हो चुके हैं। डॉ. मोहन यादव इस बात को बखूबी जानते थे कि यदि प्रदेश में सरकार चलानी है और दोबारा सत्ता में लानी है तो प्रदेश की लगभग कुल आबादी का 49 प्रतिशत महिला आबादी को न केवल खुद से जोड़ना होगा बल्कि उन्हें अपना बनाना होगा। इसके लिए इस मातृशक्ति के बीच उन्हें अपने आप को एक ऐसे भाई के रूप में स्थापित करना होगा जैसी कृष्ण ने द्रोपदी के लिए एक सशक्त और समर्थ भाई की भूमिका निभाई थी। डॉ. मोहन यादव ने सत्ता संभालने के बाद मातृशक्ति के लिए लगातार किए जा रहे अपने कामों से यह साबित कर दिया कि मातृशक्ति के बीच वे न केवल विश्वसनीय बन गए बल्कि प्रदेश की बहनें उन्हं एक मुख्यमंत्री के साथ-साथ एक सहृदय बड़े भाई के रूप में उन्हें स्वीकार करती हैं। डॉ. मोहन यादव सरकार ने महिला कल्याण योजनाओं को केवल सहायता वितरण तक सीमित न रख के उन्हें सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक स्वावलंबन और बालिका सशक्तिकरण के व्यापक अभियान के रूप में विकसित करने का प्रयास किया है। इसके सकारात्मक परिणाम शहरों से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक दिखाई देने लगे हैं।

मध्यप्रदेश की कुल आबादी का लगभग 49 प्रतिशत महिलाएं हैं जो 4.1 करोड़ से 4.2 करोड़ के आसपास आंकी जाती है। प्रदेश में कल 5.39 करोड़ वोटर हैं। जिनमें महिला वोटर 2.5 करोड़ से 2.6 करोड़ के बीच अनुमानित हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में लगभग 76 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था जो 2018 से चुनाव से लगभग दो प्रतिशत अधिक था।अब सहज ही समझा जा सकता है कि प्रदेश में सत्ता प्राप्त करने के लिए इनका महत्व क्या है? 2026 में असम मे हेमंत विश्व सरमा और पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार की बंपर सफलता का उदाहरण सारे देश के सामने हैं। इस बंपर जीत में मातृशक्ति का भाजपा को जीतने में जो योगदान है वह किसी से छिपा नहीं है। मध्यप्रदेश में लगभग 29 विधानसभा ऐसी हैं, जहां महिला वोटर की संख्या पुरुष वोटरों से अधिक है और आधा सैकड़ा से अधिक सीटों पर वे निर्णायक भूमिका भी रखती है।

एक बेहद परिपक्व और दूरदर्शी मुख्यमंत्री बन चुके मोहन यादव इस राजनीतिक मर्म को समझते थे और शुरुआती दौर से ही समग्र महिला विकास पर उन्होंने अपनी सरकार को फोकस किया। इस बार डॉ. मोहन यादव ने अपना जन्मदिन मातृशक्ति के बीच मना कर एक ऐसी अमिट छाप छोड़ी जिसकी अनुगूंज सारे प्रदेश में सुनाई दे रही है। लाड़ली बहना के अतिरिक्त डॉ. मोहन यादव सरकार के द्वारा प्रारंभ की गई महिला हितैषी योजनाएं प्रदेश में... महिला प्रथम... महिलाओं का वास्तविक आधार बन चुका है और हम इसे केवल एक वित्तीय सहायता मानकर ही इसके स्वरूप का आंकलन नहीं कर सकते बल्कि यह सरकार और डॉ. मोहन यादव के बीच इन बहनों के उस भरोसे की एक ऐसी नजीर बन गई है, जिसके चलते ये बहनें आज मोहन यादव को लाड़ले भैया कहकर संबोधित कर रहीं है। अकेली लाड़ली बहना ही इस मातृशक्ति के लिए काफी नहीं है बल्कि लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना, नारी शक्ति मिशन जैसी तमाम कार्यक्रमों को एक कड़ी में पिरोकर डॉ. मोहन यादव ने महिला सशक्तिकरण का एक विशाल पैकेज मध्य प्रदेश में खड़ा कर डाला है। लाड़ली लक्ष्मी ने जहां बेटियों के शिक्षा का भविष्य सुरक्षित किया है ,वहीं लखपति दीदी, उद्यम शक्ति ,ड्रोन दीदी समेत स्वावलंबन की कई योजनाओं के माध्यम से शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक की महिलाओं ने अपने छोटे-मोटे व्यवसाय शुरू करके अपनी आत्मनिर्भरता और सम्मान दोनों को स्थापित तो किया ही साथ ही परिवार और समाज में अपनी अहम जगह बनाई है। प्रदेश में 4 लाख से अधिक महिलाएँ स्व-रोजगार योजना से जुड़ी हैं, वहीं रेडीमेड उद्योग एवं कारखानों में कार्यरत महिलाओं को पांच हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही 34 लाख महिला कृषकों को दुग्ध उत्पादन से जोडक़र उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से मोहन सरकार के कार्यकाल में 53 लाख बेटियों के जीवन में न केवल सकरात्मक बदलाव आया है। बल्कि प्रदेश की 80 लाख बेटियों को शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति भी दी जा रही है और सेनेटरी पेड के लिए राशि भी प्रदान की जा रही है।

## पाकुड़ की खबरें

### नगर परिषद के चुनाव परिणाम पर हस्तक्षेप से हाई कोर्ट का इनकार, याचिका खारिज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। पाकुड़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के लिए विवादित मामले पर झारखंड उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है इससे याचिका करता को बड़ा झटका लगा है। मालूम हो कि झारखंड हाईकोर्ट ने पाकुड़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका को न्यायमूर्ति आनंद सेन की एकलपीठ ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित कर इसे खारिज कर दिया है। मामले में पाकुड़ नगर परिषद की वार्ड पार्षद रूपाली सरकार ने रिट याचिका दायर कर उपाध्यक्ष पद के चुनाव परिणाम को अवैध घोषित करने की चुनौती दी थी।याचिकाकर्ता का आरोप था कि चुनाव परिणाम गलत तरीके से घोषित किया गया और निर्वाचित प्रत्याशी के पक्ष में परिणाम घोषित नहीं किया जाना चाहिए था। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि नगर निकाय चुनाव झारखंड नगर पालिका पीअधिनियम, 2011 के तहत संपन्न हुआ है। अधिनियम की धारा 580 में चुनाव परिणाम को चुनौती देने के लिए निर्वाचन याचिका (इलेक्शन पिटीशन ) दायर करने का स्पष्ट प्रावधान है।कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि अधिनियम की धारा 583 चुनावी मामलों में न्यायालय के हस्तक्षेप पर रोक लगाती है। ऐसे में संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत दायर रिट याचिका पर विचार करना उचित नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ता को सलाह दी कि यदि उन्हें चुनाव परिणाम पर आपत्ति है तो वे अधिनियम में निर्धारित सक्षम मंच के समक्ष निर्वाचन याचिका दायर कर सकती हैं। अंततः हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए मामले का निष्पादन कर दिया। इस फैसले के बाद पाकुड़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के चुनाव परिणाम को न्यायि स्तर पर फिलहाल राहत मिल गई है। याचिका करता अब उच्च न्यायालय की सुझाव पर निर्वाचन याचिका दायर करने पर विचार कर रही है।

### जेंडर सीआरपी का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** हिरणपुर (पाकुड़)। शनिवार को हिरणपुर स्थित जेएसएलपीएस के बीएमएमयू कार्यालय में उन्मूखीकरण कार्यक्रम पेरेंटिंग माह, इंटरजेनरेशनल डायलॉग एवं गतिविधियों की चर्चा को लेकर जेंडर सीआरपी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के बीपीएम राजेश कुमार एवं पीसीआई-यूनिसेफ के जिला परियोजना समन्वयक मोहम्मद अनीस उपस्थित रहे। बीपीएम राजेश कुमार ने कहा कि सकारात्मक पालन-पोषण बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास की मजबूत नींव है। उन्होंने बच्चों के अधिकार, शिक्षा, पोषण, सुरक्षा और समुचित देखभाल के प्रति अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं जिला परियोजना समन्वयक मोहम्मद अनीस ने इंटरजेनरेशनल डायलॉग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल से किशोर-किशोरियों, अभिभावकों और बुजुर्गों के बीच संवाद को बढ़ावा मिलेगा तथा पारिवारिक संबंध अधिक मजबूत होंगे। उन्होंने गतिविधियों के प्रभावी संचालन, सामुदायिक सहभागिता, समयबद्ध रिपोर्टिंग एवं दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी। बैठक में उपस्थित सभी जेंडर सीआरपी ने अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में पेरेंटिंग माह एवं इंटरजेनरेशनल डायलॉग कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# पाकुड़ में पत्थर खनन में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर पूर्व पट्टाधारियों समेत 13 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। जिले में पत्थर खनन से जुड़े कथित दस्तावेजी फर्जीवाड़े का मामला सामने आने के बाद खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए दस्तावेजों में हेरफेर किए जाने के आरोप में 13 लोगों के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इनमें नौ पूर्व खनन पट्टाधारी तथा चार नए आवेदक शामिल हैं। यह मामला वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान महालेखाकार कार्यालय द्वारा की गई ऑडिट जांच में मामले का खुलासा हुआ। जांच के दौरान जिला खनन कार्यालय द्वारा जारी कंटिगुस रिपोर्ट तथा परिवेश पोर्टल पर अपलोड किए गए दस्तावेजों के बीच महत्वपूर्ण अंतर पाया गया। इसके बाद खनन विभाग ने मामले की विस्तृत जांच शुरू की।जांच में



सामने आया कि कुछ खदानों के आसपास के कुल क्षेत्रफल को मूल रिपोर्ट की तुलना में कम दर्शाया गया था। पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया में खदान क्षेत्र का वास्तविक रकबा महत्वपूर्ण मानदंड माना जाता है। आरोप है कि क्षेत्रफल को कम दिखाकर पर्यावरणीय स्वीकृति हासिल की गई और संशोधित रिपोर्ट को परिवेश पोर्टल पर अपलोड किया गया।बताया जाता है कि इसी आधार पर राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्राधिकरण से मंजूरी प्राप्त कर ली गई थी। बाद में मूल अभिलेखों और पोर्टल पर उपलब्ध दस्तावेजों के बीच विसंगति पाए जाने पर संबंधित पर्यावरणीय स्वीकृतियां निरस्त कर दी गईं। इसके साथ ही कई खनन पट्टों को भी रद्द कर दिया गया।मामले में जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार के लिखित आवेदन पर नगर थाना में कांड संख्या 123/2026 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में पाकुड़ तथा पश्चिम बंगाल के वीरभूम क्षेत्र से जुड़े व्यवसायियों के नाम भी शामिल हैं। इस संबंध में नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच जारी है। यह पता लगाया जा रहा है कि दस्तावेजों में बदलाव किस स्तर पर और किन परिस्थितियों में किया गया। इसके लिए विभागीय अभिलेखों, परिवेश पोर्टल के रिकॉर्ड तथा डिजिटल ट्रेल की गहन जांच की जा रही है।इस प्रकरण के सामने आने के बाद जिले में खनन कार्यों की निगरानी और पर्यावरणीय मंजूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

### प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हुआ ऐतिहासिक डाक बंगला, जर्जर भवन बना चिंता का विषय

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

हिरणपुर (पाकुड़)। कभी शासन-प्रशासन की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा हिरणपुर का ऐतिहासिक डाक बंगला आज उपेक्षा का शिकार होकर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अंग्रेजी शासनकाल में निर्मित यह भवन वर्षों तक सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के ठहरने का प्रमुख स्थान रहा, लेकिन समय के साथ इसकी चमक फीकी पड़ती चली गई।हिरणपुर बाजार स्थित सुभाष चौक के सामने बना यह डाक बंगला कभी प्रशासनिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता था। उस दौर में भवन निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता था, जिसका प्रमाण है कि लंबे समय तक मरम्मत नहीं होने के बावजूद यह भवन आज भी किसी न किसी रूप में लोगों के उपयोग में आ रहा है।वर्तमान में डाक बंगले के मुख्य



कक्ष में मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र संचालित किया जा रहा है। वहीं इसका परिसर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल के रूप में उपयोग होता है। बरामदे में समय-समय पर सामाजिक, राजनीतिक और गैर-राजनीतिक बैठकों का आयोजन भी किया जाता है।हालांकि, वर्षों से रखरखाव के अभाव में भवन की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। खपरैल की छत में लगी लकड़ियां कमजोर होकर दरकने लगी हैं। दरवाजे और खिड़कियां जर्जर हो चुकी हैं, जबकि दीवारों का प्लास्टर जगह-जगह से झड़ रहा है। भवन का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है और कई कमरे अब खंडहर का रूप लेते जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह डाक बंगला क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे संरक्षित किए जाने की आवश्यकता है। लोगों ने प्रशासन से भवन की मरम्मत एवं संरक्षण की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते इसकी सुध नहीं ली गई तो यह ऐतिहासिक इमारत पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है।डाक बंगले की वर्तमान स्थिति प्रशासनिक उपेक्षा की कहानी बयां कर रही है और इसके संरक्षण को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है।

### दो अलग-अलग मामले में तीन गिरफ्तार

पाकुड़। पाकुड़ नगर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या 71/26 (दिनांक 06 जून 2026) में दर्ज मामले के प्राथमिकी अभियुक्त अलाउद्दीन शेख उर्फ अला शेख, पिता गाजी मोहम्मद शेख, निवासी गगन पहाड़ी, थाना पाकुड़ नगर, जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।वहीं पाकुड़ नगर थाना (दिनांक 06 जून 2026) में दर्ज मामले के प्राथमिकी अभियुक्त नबाब शेख, पिता मोजाम शेख तथा इसतेफाक, पिता अनिकुल शेख, दोनों निवासी गगन पहाड़ी, थाना पाकुड़ नगर, जिला पाकुड़ को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की नीति के तहत अभियान लगातार जारी है। किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### परिवार की हत्या की साजिश की आशंका, सुरक्षा की मांग को लेकर थाना पहुंचा पीड़ित परिवार

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।प्रखंड क्षेत्र के छोटा पहाड़पुर गांव निवासी लॉरेंस बेसरा ने अपने पूरे परिवार की हत्या की साजिश रचे जाने की आशंका जताते हुए अमड़ापाड़ा थाना में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगायी है। पीड़ित ने अपने ही परिवार के कुछ सदस्यों पर संदेह जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच सहित नामित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा को दिये आवेदन में लॉरेंस बेसरा ने कहा है कि उन्हें उनकी पत्नी मेरिनिला हेम्ब्रम, बेटी एजनी बेसरा और पुत्र अर्पण एलेक्स बेसरा को जान-माल का गंभीर खतरा महसूस हो रहा है। उन्होंने आवेदन में अपने परिवार के सदस्य सुरेश बेसरा, संतोसनी मुर्मू और सुजीत बेसरा के नाम का उल्लेख करते हुए उनसे खतरा होने की आशंका जतायी है।

**पूर्व मध्य रेलवे ताऱी रे ट्रैफिक सांवते पावर ब्लॉक लाग़ित् ट्रेनको चालाव-बानाव बेबो़सता**

पूर्व मध्य रेलवे ता़री रे दानापुर मंडल रेयाक् नवादा आर तिलैया स्टेशन ताला रे सुमुङ उसुल रेयाक् सबवे ला़गित् आरसीसी बॉक्स बा़ईसाउ बाबो़त रे, **मा़हित 09.06.2026 (बालेमाहां) हिलोक् 08 घंटा (09.30 बजे खो़न 17.30 बजे हा़बिच्) ट्रैफिक सांवते पावर ब्लॉक** रेयाक् ला़कती ताहेंना। ओनाते, लातार रे ओ़लाकान ट्रेन नोडका लेका चालाव-बानावो़क्आः • **डाहार बो़दो़लः (1) 19604 गोड्डा-दौराई सापताकिया़ एक्सप्रेस** (सांगार एहो़ब ता़रीक 09.06.2026) हिलोक् किऊल-नदवां-गया बो़दो़ल ते किऊल-पटना-जहानाबाद-गया सेच् ते डाहारे बो़दो़ला। **(2) 63387 जमालपुर-गया एमईएमयू** (सांगार एहो़ब ता़रीक 09.06.2026) हिलोक् लक्खीसराय-नवादा-मानपुर बो़दो़ल ते शेखपुरा-बिहार शरीफ-राजगीर-तिलैया सेच् ते डाहारे बो़दो़ला। **(3) 13024 गया-हावड़ा एक्सप्रेस** (सांगार एहो़ब ता़रीक 09.06.2026) हिलोक् वजीरगंज-शेखपुरा-किऊल बो़दो़ल ते गया-जहानाबाद-पटना-किऊल सेच् ते डाहारे बो़दो़ला। **(4) 15619 गया-कामाख्या एक्सप्रेस** (सांगार एहो़ब ता़रीक 09.06.2026) हिलोक् तिलैया-शेखपुरा-किऊल बो़दो़ल ते गया-जहानाबाद-पटना-किऊल सेच् ते डाहारे बो़दो़ला। • **गोटाआरोय: 633888 गया-जमालपुर एमईएमयू** (सांगार एहो़ब ता़रीक 09.06.2026) हिलोक् गया खो़न 2 घंटा ला़गित् गोटाआरो़क्आ। ओ़सुबिता ला़गित् दुक मेनाक्आ।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

नो़ंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत सात वर्षीय बच्ची को सुरक्षित बचाया गया




**मधुपुर।** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत मधुपुर रेलवे स्टेशन पर एक सात वर्षीय बच्ची को सुरक्षित बचाकर चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जून 2026 को रेलवे मदद शिकायत के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन संख्या 18620 दुमका रांची इंटरसिटी के एस-9 कोच में सीट संख्या 20 पर एक नाबालिग बच्ची बिना किसी अभिभावक के यात्रा कर रही है। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट मधुपुर के ड्यूटी अधिकारी एवं जवानों ने जीआरपी मधुपुर के सहयोग से ट्रेन के मधुपुर स्टेशन पहुंचने पर संबंधित कोच में जांच की। ट्रेन में शिकायतकर्ता मयंक राज से मुलाकात की गई, जिन्होंने उक्त बच्ची की पहचान कराई। इसके बाद मधुपुर आरपीएफ एवं जीआरपी के कर्मियों ने कोच तथा आसपास के डिब्बों में यात्रियों से बच्ची के अभिभावक के संबंध में पूछताछ की, लेकिन कोई भी व्यक्ति उसके संरक्षक के रूप में सामने नहीं आया। ऐसी स्थिति में बच्ची को ट्रेन से उतारकर सुरक्षित रूप से आरपीएफ पोस्ट मधुपुर लाया गया। पूछताछ के दौरान बच्ची ने अपना नाम संजना (उम्र लगभग 7 वर्ष) बताया, लेकिन वह अपने घर का पता अथवा अन्य पहचान संबंधी जानकारी देने में असमर्थ रही। मामले की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन देवघर तथा सिक्योरिटी कंट्रोल,आसनसोल को दी गई। आरपीएफ पोस्ट मधुपुर में महिला कर्मी उपलब्ध नहीं होने के कारण बच्ची की देखभाल के लिए आरपीएफ की महिला स्टाफ को जसीडीह से बुलाया गया।

## लालगढ़ मदरसा घटना : पीड़ित परिवार को सहायता और बच्चों की सुरक्षा के लिए नई कमेटी गठित



**मधुपुर ।** शहर के लालगढ़ स्थित मदरसा दीनिया इस्लामिया एवं जामा मस्जिद परिसर में हाल ही में हुई घटना के बाद रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मदरसा के सरपरस्त एवं कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद मोशर्रफ हुसैन ने की। बैठक में घटना की विस्तृत समीक्षा करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मदरसे के सुचारू संचालन को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पीड़ित परिवार को मदरसा प्रबंधन की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही बच्चों की सुरक्षा, आवासीय व्यवस्था, शिक्षा और अन्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान मदरसा दीनिया इस्लामिया लालगढ़ एवं जामा मस्जिद लालगढ़ के संचालन को अधिक सशक्त और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कई नए सदस्यों और युवाओं को कमेटी में शामिल किया गया। मदरसे के मदारिस मौलाना जमील अहमद ने बताया कि 8 जून 2026 से मदरसे में नए छात्रों का नामांकन प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि अवकाश पर गए बच्चों की छुट्टियां समाप्त हो चुकी हैं और नियमित शैक्षणिक गतिविधियां पुनः शुरू की जा रही हैं। बैठक में मौलाना फारूक अहमद, खजांची अनवर शेख, सनाउल शेख, मुर्शीद आलम, तस्लीम , आजाद, ताहिर हुसैन, नसीम शेख , अजमत अली, हसीरूद्दीन शेख, एनुल शेख, जावेद शेख समेत कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मधुपुर स्टेशन के नो पार्किंग जोन में आरपीएफ की कार्रवाई, वाहन चालकों से वसूला जुर्माना



**मधुपुर ।** रेलवे स्टेशन परिसर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को रेलवे सुरक्षा बल मधुपुर द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह के निर्देश पर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित नो पार्किंग जोन में खड़े दोपहिया वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान आरपीएफ अधिकारियों एवं जवानों ने स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया और नो पार्किंग क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े वाहनों की जांच की। जांच के दौरान कई दोपहिया वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल के बजाय नो पार्किंग जोन में खड़े पाए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले आधा दर्जन वाहन चालकों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम एवं लागू नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। आरपीएफ के अधिकारियों ने वाहन चालकों को रेलवे स्टेशन परिसर में निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने से यात्रियों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है और स्टेशन परिसर में अनावश्यक भीड़भाड़ की स्थिति बनती है। पोस्ट प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि स्टेशन परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## मिठाइयों के शौकीन लोगों के लिए मधुरग्राम मील का पत्थर साबित होगा : डॉ. सुनील खवाड़े



**देवघर ।** शहर के करनीबाद में मधुरग्राम नामक मिठाई दुकान का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े ने फीता काटकर किया। मौके पर मेयर रवि राउत और भाजपा नेत्री रीता चौरसिया समेत कई विशिष्ट लोग मौजूद थे। उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि शहरवासी एक ही छत के नीचे रंग-बिरंगी लजीज मिठाइयों के साथ-साथ रेस्टोरेंट का भी आनंद उठा सकेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां शुगर फ्री मिठाइयों की भी कई वेरायटी उपलब्ध हैं। प्रतिष्ठान संचालक कृष्ण कुमार बरनवाल, आशीष कुमार और मंतोष कुमार का यह प्रतिष्ठान देवघर में खाने-खिलाने की शौकीन लोगों के लिए काफी मील का पत्थर साबित होगा। यहां मिठाइयों की गुणवत्ता तो उत्कृष्ट है ही, उसके दाम भी काफी रीजनेबल है, जिससे हर वर्ग के लोग मधुरग्राम की रसभरी मिठाइयों का आनंद उठा सकेंगे। मिठाइयों का निर्माण दुकान में ही हो रहा है, जिससे लोगों को ताजी और अच्छी मिठाइयां हर समय उपलब्ध हो सकेगी। मिठाइयों का निर्माण उत्कृष्ट कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है, जिससे देवघर के लोग अविस्मरणीय स्वाद का मजा ले सकेंगे। उद्घाटन समारोह के मौके पर कांग्रेस नेता रवि केसरी, खेल संघ से जुड़े नवीन शर्मा, वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी रामेश्वर चक्रवर्ती, मनोज पांडे दीपक दुबे, रोहित पांडेय, प्रकाश भारद्वाज, अजय खवाड़े, महेश राउत, ब्रह्मदेव राउत, रतीश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रयागराज मेयर गणेश केसरवानी का स्वागत



**देवघर संताल एक्सप्रेस:** देवघर के श्यामगंज रोड स्थित केसरवानी आश्रम में बैद्यनाथ धाम केसरवानी वैश्य सभा द्वारा प्रयागराज के मेयर गणेश केसरवानी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया तथा बाबा बैद्यनाथ धाम का मोमेंटो,अंगवस्त्र और बुके भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान मेयर गणेश केसरवानी ने वैश्य समाज के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया और सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर समाज को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने समाज में एकजुटता और सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में सभा के अध्यक्ष दीपक कुमार केसरी, महामंत्री रितेश केशरी,कोषाध्यक्ष विक्रम केशरी सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेयर ने देवघर में मिले सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों को प्रयागराज आने का निमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंत्री रितेश केशरी ने की और आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बड़ी वारदात की साजिश नाकाम, हथियार के साथ पांच संगठित अपराधी दबोचे

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**देवघर ।** नगर थाना पुलिस ने एक संभावित बड़ी आपराधिक घटना को समय रहते विफल कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई त्वरित कार्रवाई में पुलिस ने पांच संगठित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक अवैध देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की शाम नगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक शंकर कुमार रजक सशस्त्र बल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि सफेद रंग की फॉर्च्यूनर (रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच15 एपी-5093) में सवार कुछ लोग हथियार के साथ देवघर रेलवे स्टेशन से रंगामोड़ होते हुए भूरभूरा मोड़ की ओर जा रहे हैं और किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पूर्व से गठित विशेष टीम सक्रिय हुई और बताए गए मार्ग पर घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। तलाशी के दौरान एक अवैध देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद वाहन में सवार पांचों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मांझीडीह पुनसिया निवासी शैलेश कुमार दास, अनुप मांझीडीह पुनसिया निवासी अरविंद्र कुमार दास, तिलैया नावाडीह निवासी गोलू महथा उर्फ गोलू पासी, तिलैया नावाडीह निवासी लल्ला झा तथा रतनपुर निवासी रोहन तुरी उर्फ विजय तुरी के रूप में हुई है। सभी आरोपी रिखिया थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 216/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किस घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे और इनके नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। छापेमारी अभियान का नेतृत्व नगर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने किया। अभियान में शंकर कुमार रजक, घनश्याम गंझू, सुमंत प्रसाद, मुकेश कुमार तिवारी, सूरज कुमार सहित नगर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### भाजपा की मासिक बैठक में आगामी अभियानों की बनी रणनीति

# केंद्र की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने और बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर




**संवाददाता**

**देवघर ।** भाजपा नगर इकाई की मासिक बैठक रविवार को एक होटल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सोनाधारी झा ने की। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों और अभियानों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार के 12 वर्षों के जनकल्याणकारी कार्यों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। ऐसे में बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाए रखना और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। बैठक में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के शुद्धिकरण और सत्यापन के लिए चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया गया। उन्हें मतदाता सूची से मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने तथा नए पात्र नागरिकों का नाम जोड़ने के कार्य में सहयोग करने को कहा गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम मन की बात, मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान, एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जनसंपर्क बढ़ाने और विभिन्न वर्गों के बीच सरकार की उपलब्धियों की जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा के बाद कार्यकर्ताओं से निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में संजीव जजवाड़े, मुकेश पाठक, मनोज मिश्रा, धनंजय खवाड़े, मीणा झा, रिंकू सिंह, सुभाष गुप्ता, निरंजन ठाकुर, राजू केसरी, कुमार अभिषेक, बालनाथ सिन्हा, अशोक मोहली, प्रवीण तिवारी, दिलराज कुमार, दीनबंधु परिहस्त, मन्नू राउत, राजेश झा, अनिल वर्मा, पूजा देवी, अमित राज, अभिषेक भारद्वाज, मिथिलेश झा, कविता देवी, राखी कुमारी, कुलेश्वरी देवी, कालू देवी, काली देवी, विसु राय, आकाश कुमार और अमित वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एम्स में रेड क्रॉस का फर्स्ट एड प्रशिक्षण शुरू



**देवघर संताल एक्सप्रेस:** एम्स देवघर परिसर में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, देवघर शाखा द्वारा फर्स्ट एड (प्राथमिक उपचार) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 47 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिन्हें सेंट जॉन्स एम्बुलेंस, जमशेदपुर से आए अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान सड़क दुर्घटना, हृदयाघात, जलने तथा हाथ-पैर में चोट जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार देने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को आपात स्थिति में सक्षम बनाना है,ताकि अस्पताल पहुंचने से पहले घायल या बीमार व्यक्ति की स्थिति को स्थिर रखा जा सके और आवश्यकता पड़ने पर उसकी जान बचाई जा सके। कार्यक्रम में नरेन्द्र झा, राजकुमार वर्णवाल, संजय मिश्रा एवं अर्चना भगत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन में नितेश सिंह राजपूत की भूमिका सराहनीय रही। आयोजकों ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने की अपील की।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजन की तैयारी तेज



**देवघर संताल एक्सप्रेस:-** देवघर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाने को लेकर पतंजलि परिवार की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस संबंध में भारत स्वाभिमान पतंजलि के जिला अध्यक्ष अनुज कुमार त्यागी की अध्यक्षता में अंजुला मेनशन होटल में बैठक आयोजित की गई,जिसमें विभिन्न विंग के जिला प्रभारी शामिल हुए।संरक्षक संजय मालवीय के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में 21 जून को केएन स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष करीब 3000 लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ व्यापक प्रचार-प्रसार करने की रणनीति बनाई गई है। टीम बनाकर घर-घर पंपलेट और पीला चावल देकर लोगों को योग महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया जाएगा।

# अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त कांग्रेस ने जताया आक्रोश

### घरेलू गैस : मूल्य वृद्धि पर भी उठाए सवाल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर :** देवघर के चांदडीह पंचायत अंतर्गत बासमता गांव में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना से आक्रोश फैल गया है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय ने घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और इसे समाज व संविधान पर हमला बताया।

उन्होंने जिला प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की तथा क्षतिग्रस्त प्रतिमा को जल्द पुनर्स्थापित करने की बात कही। इस मौके पर कांग्रेस नेता दिनेश कुमार मंडल समेत अन्य लोगों ने भी घटना की निंदा की। मौके पर समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र दास सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में डॉ. मुन्नम संजय ने घरेलू गैस के दामों में 29 की बढ़ोतरी पर भी केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता पर बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल रही है और इससे गरीब व मध्यम वर्ग प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बढ़ने से परिवहन सहित दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो गई हैं, जिससे आम लोगों का जीवन कठिन हो गया है।

# देवघर में झारखंड कुर्मी महासभा का 12वां प्रतिभा सम्मान समारोह, 400 प्रतिभाओं को मिला सम्मान

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




**देवघर ।** देवघर में झारखंड कुर्मी महासभा द्वारा आयोजित 12वां प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को भगवान पैलेस परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा,खेल, सामाजिक सेवा,सांस्कृतिक गतिविधियों एवं व्यवसाय सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 400 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और व्यक्तियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र,स्मृति चिन्ह तथा पौधे देकर सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन बिहार सरकार के परिवहन मंत्री दामोदर राउत, डुमरी विधायक जयराम महतो,संरक्षक डॉ. संजय कुमार,देवेंद्रनाथ महतो एवं मेयर रवि कुमार राउत सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता के महत्व पर बल दिया। मुख्य अतिथि दामोदर राउत ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव है,जबकि जयराम महतो ने सफलता के लिए निरंतर मेहनत को आवश्यक बताया। देवेंद्रनाथ महतो ने शिक्षित युवाओं को समाज की ताकत बताया। वहीं डॉ. संजय कुमार ने अभिभावकों से बच्चों को समय देने और मोबाइल से दूर रखने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र,अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. निरंजन सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में महासभा के कई सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ऑपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने लौटाए यात्रियों के खोए सामान



**मधुपुर/आसनसोल ।** रेलवे सुरक्षा बल की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन अमानत के तहत आसनसोल मंडल में यात्रियों के खोए एवं छूटे हुए सामान की बरामदगी और उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाने की उल्लेखनीय कार्रवाई की गई। विभिन्न रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों से जुड़े चार अलग-अलग मामलों में कुल लगभग 11,500 रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद कर यात्रियों को वापस सौंपी गई। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, ये सभी कार्रवाई रेल मदद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों तथा यात्रियों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं के आधार पर की गई। स्वामित्व की पुष्टि और आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सामान उसके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया।

PRAVAH

## TENDER NOTICE

PRAVAH JHARKHAND

**Project: Water for Life - Supported by TATA TRUSTS**

**Litipara Block, Pakur District, Jharkhand**

**Construction of Community Common Bathroom**

**Location:** Selected Pahariya village, Litipara Block, Pakur
**Purpose:** Promote hygiene and encourage safe sanitation habits among PVTG communities.

**Scope of Work Includes:**

- Foundation and civil structure with the use of skill and unskilled labor
- Walls using sand, bricks & cement, boulder for base and flooring, roofing stone slate 2x3 ft
- Drainage and soak pit system [ gutter -9 ft]
- Doors [ 2.5x 6 ft], fittings, ventilation 2
- Finishing and functional handover

**Eligibility Criteria:**

- Registered civil contractor/agency
- Experience in sanitation or community infrastructure
- PAN, GST (Compulsory)
- Completion certificates of similar work

**Terms & Conditions:**

1. All work must adhere to PRAVAH & Tata Trusts' standards.
2. Quotation must include item-wise budget and timeline.
3. Site visit recommended.
4. PRAVAH reserves all rights regarding tender acceptance.

Submission Details:
Last Date: 12/ 06 / 2026
Mode: Sealed Envelope
Address: Kalyani sadan, bompass town, Deoghar, Jharkhand-814114-- Secretary, PRAVAH, Deoghar
Quotation must be valid upto 31st march, 2027

PRAVAH

## TENDER NOTICE

PRAVAH JHARKHAND

**Project: Water for Life - Supported by TATA TRUSTS**

**Litipara Block, Pakur District, Jharkhand**

**Spring Rejuvenation Through Boulder Lining & Water Lifting System**

**Location:** Selected Pahariya village, Litipara Block, Pakur
**Purpose :** To ensure continuous access to safe and clean water by protecting natural springs, improving water discharge, and enabling easy water lifting for daily community use.

**Scope of Work**

- Cleaning, protection, and structural development of the natural spring, including boulder lining/pitching and construction of a spring collection chamber.
- Installation of pipe system and water lifting unit (manual hand pump or specified lifting mechanism) for smooth and safe water discharge.
- Earthwork, leveling, drainage channel preparation, and site protection ensuring proper and sustainable water flow.

Complete finishing, testing, and functional handover of the rejuvenated spring system to the community.

**Technical Specifications (For Water Lifting System)**

The contractor must supply, install, and commission the following:

**1. Amrut ISI 5 HP Solar Submersible Pump System**
**2. Solar Controller/ Inverter (Compatible & ISI certified)**
**3. 335-watt × 6 Solar Modules (Total 2010W)**
**4. Movable GI Solar Mounting Structure**
**5. Wiring, nut-bolts, clamps, and all required accessories**
**6. GI Structure for support and stability**
**7. Double Layer Water Tank - 5000 Litres**
**8. Foundation work for tank and solar structure**
**9. Installation with 4 water outlet points**
**10. Water filter system (standard filtration unit with all specifications)**

**Eligibility Criteria:**

- Registered civil contractor/agency
- Experience in sanitation or community infrastructure
- PAN, GST (Compulsory)
- Completion certificates of similar work

**Terms & Conditions**

1. All construction and installation work must follow PRAVAH & Tata Trusts' technical standards.
2. Quotation must includeitem-wise cost, per-unit rate, brand specifications, and timeline.
3. Site visit before submitting quotation is strongly recommended.
4. PRAVAH reserves the right to accept or reject any tender without assigning any reason.

**Submission Details:**

Last Date: 12 / 06/ 2026
Mode: Sealed Envelope
Address: Kalyani sadan, bompass town, Deoghar, Jharkhand-814114-- Secretary, PRAVAH, Deoghar
Quotation must be valid upto 31st march, 2027

PRAVAH

## TENDER NOTICE

PRAVAH JHARKHAND

**Project: Water for Life - Supported by TATA TRUSTS**

**Litipara Block, Pakur District, Jharkhand**

**Spring Rejuvination in recharge zone**

**Location:** Selected Pahariya village, Litipara Block, Pakur
**Purpose:** Water conservation in selected PVTG communities.

Scope of work

- Contour **Trench Layout and Excavation**: Conduct site assessment, marking, and excavation of contour trenches across hill slopes to reduce runoff, enhance rainwater infiltration, and control soil erosion.
- **Agroforestry Plantation Development:** Plant suitable multi-purpose tree species, fruit trees, and indigenous species along trenches and designated plantation areas to improve vegetation cover and livelihoods.
- **Soil and Water Conservation Measures:** Implement land treatment activities including bund strengthening, mulching, and protection of planted areas to improve soil moisture retention and watershed health.
- **Community Engagement and Maintenance:** Mobilize and train local communities for plantation management, survival monitoring, gap filling, weeding, and long-term maintenance to ensure sustainability of the intervention.

**Technical specification**

**Trench- 2.18 meter (length) X 0.78 meter (Breadth) X 0.60 meter (height)**
**Pit for agro forestry- - 0.45 meter (length) X 0.45 meter (Breadth) X 0.30 meter (height)**
**Cost for following saplings (minimum 5 feet)**
**Mango, Jack fruit, Jamun, Nimbu, Sarifa, Mahua, Seguwan, Neem, Karang, Kendu, Ber, Kusum,Wood apple, Amla, Amra.**

**Eligibility Criteria:**

- Registered civil contractor/agency
- Experience in sanitation or community infrastructure
- PAN, GST (Compulsory)
- Completion certificates of similar work

**Terms & Conditions**

1. All construction and installation work must follow PRAVAH & Tata Trusts' technical standards.
2. Quotation must include item-wise cost, per-unit rate, brand specifications, and timeline.
3. Site visit before submitting quotation is strongly recommended.
4. PRAVAH reserves the right to accept or reject any tender without assigning any reason.

**Submission Details:**

Last Date: 12 / 06/ 2026
Mode: Sealed Envelope
Address: Kalyani sadan, bompass town, Deoghar, Jharkhand-814114-- Secretary, PRAVAH, Deoghar
Quotation must be valid upto 31st march

## संताल परगना को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/ राजमहल। हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की रांची मे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम सह विकसित भारत 2047 का संकल्प की बैठक मे संथाल परगना को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग उठी.बैठक में प्रबुद्ध जनों ने देश और राज्य के विकास तथा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया.संथाल परगना मे ?तेजी से बदलती डेमोग्राफी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस संबंध मे हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा.श्री घोष ने रांची के कार्यक्रम में आये भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को लिखित रूप से अपनी मांग पत्र सौंपा.उन्होंने विस्तार से बताया कि झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में पिछले कुछ समय में बहुत तेजी से डेमोग्राफी चेंज हुआ है.जो राज्य और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा संकेत है।.नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की लिखित मांग ?देश की आंतरिक सुरक्षा नीति को मजबूत करने और सीमावर्ती क्षेत्रों को सुरक्षित करने पर जोर देते हुए संत कुमार घोष ने एक बड़ा प्रस्ताव रखा.कि ?झारखंड के संथाल परगना और पश्चिम बंगाल के मालदा जिला सहित बांग्लादेश के सीमावर्ती जिलों को आपस में मिलाकर एक नया केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाए.सीमांचल के इन संवेदनशील क्षेत्रों को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करना विकसित भारत 2047 के संकल्प और देश की आंतरिक सुरक्षा नीति के लिहाज से बेहद जरूरी कदम है.हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने ?विकसित भारत 2047 पर मंथन ?

## नगर पंचायत के नाम पर ठगी का जाल अवैध वसूली करने वालों पर केस दर्ज

जामताड़ा। जामताड़ा नगर पंचायत के नाम पर कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। नगर पंचायत प्रशासन की शिकायत पर जामताड़ा थाना में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से कुछ लोगों द्वारा नगर निकाय का नाम लेकर धन उगाही किए जाने की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले की पड़ताल की, जिसमें सामने आया कि संबंधित लोग बिना किसी वैध अधिकार, पहचान पत्र या अधिकृत दस्तावेज के लोगों से पैसे की मांग कर रहे थे।नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने इसे गंभीर मामला बताते हुए, जामताड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कांड संख्या 75/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अवैध वसूली में शामिल लोगों की पहचान के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।प्रशासन ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति को बिना वैध रसीद या पहचान पत्र के भुगतान न करें। यदि कोई नगर पंचायत या किसी सरकारी संस्था के नाम पर धन की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें। अधिकारियों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## दिनेश महतो बनाए गए आदिवासी कुड़मी समाज के गोड्डा जिलाध्यक्ष



गोड्डा। सरकंडा स्थित स्थानीय विवाह भवन में आदिवासी कुड़मि समाज का दो दिवसीय सेमिनार सफल रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिवासी कुड़मि समाज के केंद्रीय अध्यक्ष मुल मानता मुल खूंटी अजीत प्रसाद महतो जी उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने दिनेश कुमार महतो मुतरुआर को माला पहनाकर जिलाध्यक्ष घोषित किया। साथ में केंद्रीय प्रवक्ता दीपक केसरिआर व महिला मोर्चा अध्यक्षा डॉ. कोनिका महतो उपस्थित थे दिनेश कुमार महतो पथरगामा प्रखंड अंतर्गत पीपरा पंचायत होपनाटोला गांव का निवासी है दिनेश महतो समाज के प्रति समर्पित लगातार छः वर्षो से काम कर रहे थे अपने कुड़मि समुदाय के बारह मासे तेरह परब अपने भाषा सभ्यता संस्कृति पर लगातार संघर्षरत थे उसी को देखते हुए आदिवासी कुड़मि समाज ने जिम्मेदारी दी गई है। जिला कमिटि इस तरह से बना महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रेमलता महतो जिला सचिव सोनी महतो, युवा अध्यक्ष सोनू महतो युवा उपाध्यक्ष दशरथ महतो, सुनील महतो, सचिव सदीप महतो, आगे जिला कमिटि का विस्तार किया जाएगा। बैठक में समाज के प्रतिनिधि मुखिया शिक्षक व हजारो महिला पुरुष उपस्थित हुए।

## दस बज कर दस मिनट पर अपने पूर्वज के नाम कार्यक्रम




गोड्डा। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के स्मृति एवं सम्मान में उनके परिजनों तथा स्वजनों द्वारा आयोजित देशव्यापी श्रद्धांजलि कार्यक्रम दस बजे दस मिनट अपने पूर्वज के नाम के तहत गोड्डा जिला मुख्यालय में भी उक्त कार्यक्रम का आयोजन होता रहा है। इसी कड़ी में रविवार को नियत समय पर स्थानीय शहीद स्मारक परिसर में अंग क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद एवं समाज सुधारक स्व. पण्डित रणजीत झा के पुत्र सह लोक मंच सचिव सर्वजीत झा अन्तेवासी की अध्यक्षता तथा अखिल भारतीय शहीद एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (झारखंड) सह ग्राम जमनी पहाड़पुर के स्वतंत्रता सेनानी स्व. छेदी प्रसाद झा के पुत्र दिवाकांत वत्स के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल ग्राम हिलावै के स्वतंत्रता सेनानी नंदकिशोर मांझी के पुत्र ओमप्रकाश मांझी, स्वतंत्रता सेनानी रामेश्वर ठाकुर जी के पौत्र जे. पी. ठाकुर, ग्राम पक्सो के स्वतंत्रता सेनानी नीलकंठ ठाकुर जी के पौत्र गौरव वत्स, ग्राम बक्सरा के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी स्व. जगदीश नारायण मंडल के पौत्र अमर कुमार, स्वतंत्रता सेनानी स्व. जलधर वैद्य के पुत्र आशुतोष वैद्य, स्वतंत्रता सेनानी स्व. धनेश्वर पंडित के पुत्र संतोष पंडित सहित नुनबट्टा के संतोष महतो, दीपा देवी, प्रीति, प्रीतम एवं गोड्डा के रामकुमार ने बापू एवं लोक नायक जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के पश्चात देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं भारत माता के जोरदार जयकारे लगाए। कार्यक्रम का समापन परंपरानुसार राष्ट्रगान से हुआ।

## भातुपुर में कहर बनकर गिरी बिजली जड़ी-बूटी कारोबारी की मौके पर मौत

जामताड़ा। जिले के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत चरकपानी गांव निवासी 45 वर्षीय शाहजहां शेख की रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के भातुपुर के समीप उस समय हुआ, जब वह मांगीमुंडा हाट में जड़ी-बूटी की दवा बेचने जा रहे थे।जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11:30 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश के साथ गर्जन-तर्जन शुरू हो गया। इसी दौरान शाहजहां शेख वज्रपात की चपेट में आ गए। बिजली का झटका इतना तीव्र था कि उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। बाद में पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाहजहां शेख परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य बताए जाते हैं, जो जड़ी-बूटी का व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। हादसे के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# नेचर पार्क के विकास और जनसुविधाओं पर डीसी ने दिए निर्देश



संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने नेचर पार्क, ठाकुरगंगटी का निरीक्षण कर पार्क में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पौधारोपण एवं रखरखाव कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण तथा आगंतुकों के लिए बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पार्क परिसर का भ्रमण कर विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया और पार्क के संचालन व विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि नेचर पार्क पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा प्रकृति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण केंद्र है, इसलिए इसके संरक्षण एवं विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उपायुक्त ने पार्क परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए नियमित साफ-सफाई, पौधों की देखभाल, पेयजल व्यवस्था, बैठने की सुविधा तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं आकर्षक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने पार्क में किए गए वृक्षारोपण कार्यों और हरित क्षेत्र के विस्तार की भी समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को स्थानीय प्रजातियों के अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी समुचित देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरणीय संतुलन को और मजबूत किया जा सके।उपायुक्त ने कहा कि नेचर पार्क मनोरंजन और पर्यटन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने पार्क के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि यह स्थल स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहे। निरीक्षण के दौरान आलोक वरण केसरी, विजय कुमार मंडल, मदन महली सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को मुफ्त कानूनी सेवाएं : डालसा




संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित 90 दिवसीय इंटेनशिव कार्यक्रम के तहत डालसा के अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर रौतारा स्थित न्यू आइडियल पब्लिक स्कूल में लीगल लिटरेशी क्लास का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने नालसा की योजना बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं -योजना 2024 से संबंधित जानकारी दी। मौके पर अधिकार मित्र नवीन कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को मुफ्त कानूनी सहायता पाने का अधिकार है, चाहे उसकी वित्तीय स्थिति कैसी भी हो।इस विशेष योजना का मुख्य उद्देश्य मुख्य रूप से कानून के साथ संघर्ष में आए (जुबिनाइल इन कनफ्लिक्ट विथ लॉ) या देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को हर स्तर पर मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएं देने, पुलिस, अदालतों और कानूनी प्रणालियों में बच्चों के साथ एक %बाल-अनुकूल% और संवेदनशील माहौल सुनिश्चित करने, शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों और उनके माता-पिता को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सहायता देने, यह योजना बच्चों को न्याय प्रणाली के अलग-अलग स्तरों पर सुरक्षा और सहायता देती है।मध्यस्थ दिलीप कुमार झा ने कहा कि पुलिस थानों में हिरासत या पूछताछ के दौरान बच्चों के अधिकारों का हनन न हो, इसके लिए विधिक सहायता प्रदान करती है। किशोर न्याय बोर्ड के सामने बच्चों का सही प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए विशेष पैनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति करती है। बाल गृहों, आब्जर्वेशन होम, स्पेशल होम और शेल्टर होम में रहने वाले बच्चों की कानूनी स्थिति की निगरानी करती है।बाल कल्याण समितियों के समक्ष- अनाथ, लापता या शोषित बच्चों को सुरक्षा और पुनर्वास दिलाने में मदद करती है। इसके अलावा पोक्सो, प्रतिकर मुआवजा आदि पर भी विचार व्यक्त किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक नर्मदेश्वर झा ने किया। मौके पर अधिकार मित्र अविनाश सिंहा, अनिल कुमार झा, निगम नयन, धीरज झा, संजय कुमार, नीलम कुमारी, गुड्डी कुमारी, प्रदीप कुमार झा, साक्षी कुमारी, मृत्युंजय ठाकुर, मिथिलेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## 11 जून के सम्मेलन को लेकर झामुमो ने कसी कमर



संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए रविवार को जिला परिषद कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र मुर्मू ने की, जिसमें 11 जून को प्रस्तावित कार्यकर्ता सम्मेलन और एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई।बैठक में बूथ कमेटियों को सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने तथा संगठन की पहुंच गांव-गांव तक सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष नरेंद्र मुर्मू ने कहा कि एसआईआर प्रशिक्षण संगठनात्मक मजबूती का आधार बनेगा और प्रशिक्षित कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने सम्मेलन को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि झामुमो के महासचिव विनोद पांडे 11 जून के सम्मेलन में शामिल होंगे।बैठक में रविंद्र नाथ दुबे, प्रो. कैलाश प्रसाद साव, परेश यादव, इम्तियाज अंसारी, आनंद टुडू, बासुदेव मरांडी, लालू अंसारी, सगीर खान, मेरी मरांडी, देवीषण हांसदा, महेंद्र टुडू समेत जिला, प्रखंड और नगर इकाइयों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय की।

## कुंडहित में भाजपा कार्यकर्ता ने सिउरी राजनगर नाला नई रेल लाइन की मांग



संताल एक्सप्रेस

कुंडहित (जामताड़ा) । नाला विधानसभा क्षेत्र की लोगों का पुरानी मांग ने अब जोर पकड़ने लगा। सिउरी होते हुए राजनगर ,नाला तक नई रेल लाइन निर्माण की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ता सजल दास के नेतृत्व में रविवार को शालुका गांव में ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया गया। बैठक में ग्रामीण ने सिउड़ी से नाला विधानसभा क्षेत्र तक नई रेल लाईन कि मांग किया गया।सजल दास ने बताया कि नाला, कुंडहित, राजनगर , सिउड़ी का इलाका झारखंड-बंगाल सीमा क्षेत्र से सटा हुआ है। इस क्षेत्र पुरी तरह से आदिवासी बहुल पिछड़ा क्षेत्र के रूप से जाना जाता है। नाला विधानसभा क्षेत्र के लोगों मौसम्मी वर्षांत पर कृषि कार्य से निर्भरशील हैं। वर्षा हुई तो किसान खुश नहीं तो सालों भर खून की आंसू रोते हैं। इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू नही होने के कारण क्षेत्र में विकास की मुख्यधारा से छुटे हुए है।उन्होंने कहा वर्तमान में नाला से सिउरी, आसानसोल,दुमका, जामताड़ा जाने के लिए लोगों को बस, ऑटो बदलकर 3 से 4 घंटे लग जाते हैं। किराया भी 300-400 रुपये तक चला जाता है। यदि नाला-सिउरी-राजनगर 65-70 किमी नई रेल लाइन बन जाए तो इस क्षेत्र के लोगों की सफर एक घंटे में और 50 रुपये में पूरा हो जाएगा। साथ ही स्थानीय मजदुरों को रोजगार मिलेगा।पलायन रुकेगा, रोजगार बढ़ेगा - सजल दास ने कहा, हमारा क्षेत्र खनिज संपदा से भरपूर है। रेल लाइन बिछते ही यहां सीमेंट, स्टोन क्रेशर, कोल वाशरी जैसी इंडस्ट्री की स्थापना हो सकती है। स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा। जबकि इस क्षेत्र के युवाओं बेटा पेट भरने के लिए सूरत, बैंगलोर आदि शहरों का पलायन कर रहा है। इस क्षेत्र में रेल लाईन चालु होगी तो युवाओं को घर के पास ही रोजगार मिलेगा। मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीन दिन बाद बहाल बिजली ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

संताल एक्सप्रेस पाकुड़िया (पाकुड़)। प्रखंड क्षेत्र की पलियादहा और डोमनगढ़िया पंचायत के दर्जनों गांवों में बीते तीन दिनों से बाधित बिजली आपूर्ति आखिरकार रविवार सुबह बहाल कर दी गई। 04 जून को आई तेज आंधी और भारी बारिश के कारण बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया था और जनजीवन प्रभावित हो गया था।बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी छात्र-छात्राओं को हुई, खासकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई रात के समय प्रभावित रही। बिजली नहीं होने के कारण वे नियमित रूप से अध्ययन नहीं कर सके।वहीं बिजली पर निर्भर स्थानीय व्यवसाय भी प्रभावित हुए। जेरॉक्स सेंटर, फोटो स्टूडियो, इलेक्ट्रॉनिक दुकानों और टोटो चार्जिंग केंद्रों का कामकाज लगभग ठप पड़ गया, जिससे व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों बारिश के साथ उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी थीं। पंखे और अन्य विद्युत उपकरण बंद रहने से ब'चों, महिलाओं और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रात में बिजली नहीं रहने के कारण लोगों की नींद भी प्रभावित हुई और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखी गई। उनका कहना था कि प्राकृतिक आपदा के बाद बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए विभाग को त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि लोगों को लंबे समय तक परेशानी का सामना न करना पड़े।इधर, बिजली विभाग के तकनीकी कर्मियों ने लगातार प्रयास कर क्षतिग्रस्त लाइन में आए फॉल्ट को दूर किया।

## राम नाम की गूंज से भक्तिमय फतेहपुर

चित्तरंजन। फतेहपुर स्थित राम मंदिर परिसर रविवार को श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का केंद्र बना रहा। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से आयोजित भव्य कीर्तन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।मंदिर पहुंचने पर विधायक का चित्तरंजन मंडल के पदाधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने भगवान श्रीराम के समक्ष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

## सीएलडब्ल्यू लेबर यूनियन ने किया पौधारोपण

चित्तरंजन। चित्तरंजन स्थित अमलादही बाजार के समीप सीएलडब्ल्यू लेबर यूनियन कार्यालय परिसर में रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया गया। हालांकि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया गया था, लेकिन यूनियन की ओर से इसे विशेष पौधारोपण अभियान के रूप में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूनियन के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीएलडब्ल्यू के एईएन एस. के. प्रधान ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं और इनके संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा।इस अभियान में सीएलडब्ल्यू लेबर यूनियन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग शिविर के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। छात्रों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लेते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

## जनसेवा के संकल्प के साथ जुटी भाजपा

चित्तरंजन। अमलादही बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर के समीप शनिवार देर शाम भाजपा चित्तरंजन मंडल की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने भाग लेकर क्षेत्र के सामाजिक और संगठनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।बैठक का मुख्य फोकस समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर रहा। उपस्थित सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही जरूरतमंद परिवारों की समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान के लिए समन्वित प्रयास करने का निर्णय लिया गया।बैठक में भाजपा नेताओं ने चित्तरंजन की जनता के सहयोग और विश्वास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देकर कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं को संगठन के माध्यम से संबंधित मंचों तक पहुंचाएं।इस अवसर पर मंडल के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने का सामूहिक संकल्प भी लिया।

## चित्तरंजन में 'संडे ऑन साइकिल' ने जगाई स्वास्थ्य और पर्यावरण की चेतना



चित्तरंजन। प्रधानमंत्री के 'फिट इंडिया मूवमेंट' को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से रविवार को चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (सीएलडब्ल्यू) परिसर एवं रेलवे सुरक्षा विशेष बल (रे.सु.वि.बल) की आठवीं वाहिनी मुख्यालय के संयुक्त प्रयास से 'संडे ऑन साइकिल' विशेष अभियान का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम ने फिटनेस, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।सैन्य सहायक बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान में आरपीएफ अधिकारियों, जवानों तथा रेलकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह ओवल ग्राउंड से एडब्ल्यू कंपनी तक निकाली गई साइकिल रैली में प्रतिभागियों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ हिस्सा लेते हुए नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान साइकिल को प्रदूषणमुक्त और स्वास्थ्यवर्धक परिवहन का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसके अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया गया। आयोजन में आरपीएफ और सीएलडब्ल्यू के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रतिभागियों का उत्साह इस बात का प्रमाण था कि चित्तरंजन का रेल परिवार केवल औद्योगिक विकास ही नहीं, बल्कि स्वस्थ, जागरूक और पर्यावरण-अनुकूल समाज के निर्माण के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह आयोजन फिट इंडिया अभियान की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला प्रेरणादायी प्रयास साबित हुआ।

## लाभुकों को अबुआ आवास का कराया गया गृह प्रवेश



गोड्डा। उप विकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत ने शनिवार को जिले अंतर्गत बोआरीजोर प्रखंड के कुशबिल्ला एवं राजाभीठा पंचायत का दौरा कर अबुआ आवास योजना के तहत पूर्ण हो चुके आवासों का निरीक्षण किया तथा लाभुक परिवारों का पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गृह प्रवेश कराया। इस दौरान लाभुकों और उनके परिजनों में उत्साह का माहौल देखा गया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने लाभुक परिवारों से बातचीत कर आवास निर्माण की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं एवं योजना से मिलने वाले लाभों की जानकारी ली। उन्होंने लाभुकों को अपने आवास की नियमित देखभाल करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके।दौरे के क्रम में उप विकास आयुक्त ने क्षेत्र में संचालित आम बागवानी परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया।डीडीसी ने पौधों की स्थिति, संरक्षण कार्य, सिंचाई व्यवस्था तथा लाभुकों द्वारा किए जा रहे रखरखाव की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को बागवानी योजनाओं की नियमित निगरानी और लाभुकों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, स्वरोजगार के अवसर सृजित करने तथा किसानों और ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने में बागवानी योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। लाभुकों को पौधों के संरक्षण एवं वैज्ञानिक तरीके से देखभाल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। इसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार क्षेत्रीय भ्रमण, निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। इस अवसर पर बोआरीजोर प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, संबंधित पंचायतों के मुखिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और लाभुक उपस्थित थे।

## कुड़मी समुदाय का दो दिवसीय सेमिनार संपन्न



गोड्डा। स्थानीय विवाह भवन, सरकंडा में आदिवासी कुड़मि समाज का दो दिवसीय सेमिनार सफल रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिवासी कुड़मि समाज के केंद्रीय अध्यक्ष मुल मानता मुल खूंटी अजीत प्रसाद महतो जी उपस्थित हुए। केंद्रीय प्रवक्ता दीपक केसरिआर ने मंच पर माला पहनाकर स्वागत किया। अजीत प्रसाद महतो अपने समाज के लोगो से अह्वान कि सबसे पहले कुड़मि समुदाय को अपनी भाषा संस्कृति सभ्यता बचाने की जरूरत है तभी हमे अपना हक अधिकार मिल पाएगा, कुड़मि समुदाय का बारह मासे तेरह परब होता है अपने परब त्योहार को अपनाएं। अपनी रूढ़िवादी परम्परा के तहत समाज को जागरूक करे, किसी के बहकावे में न आएं अपनी लड़ाई खुद से लड़नी होगी। कुड़मि समुदाय अपने पारम्परिक वेश भूषा के साथ डहरे करम, डहरे सहराइ, में रोड़ में निकलकर सरकार को मजबूर कर दिया है रेल टेका डहर छेका कर सरकार को कुड़मि समुदाय की ताकत का अंदाजा हो चुका है। बहुत जल्द कुड़मालि भाषा को संविधान की आठवी अनुसूचि में सूचीबद्ध किया जाएगा। दो दिवसीय सेमिनार को सफल बनाने हेतु गोड्डा के अलावे बंगाल, आसाम, उड़ीसा, बिहार, भूटान बार्डर, दक्षिण दिनाजपूर, रांची, हजारीबाग, घनबाद, बोकारो, साहेबगंज, दुमका, देवघर, पाकुड़, जामताड़ा, साराकेला, जमशेदपुर, रामगढ़ तक के कुड़मि समुदाय के लोग उपस्थित हुए और दो दिनो तक रूककर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी किमती समय दिए सभी को धन्यवाद जोहार पीएचडी स्कॉलर ऋृषि महतो ने भी अपने समाज के लोगों को बताया कि हमारे समाज के साथ वर्षो से खिलवाड़ किया गया है हमारे समाज के लोग दूसरे के चंगुल में फंसकर बेवकूफ बन गया है और अभी बन ही रहा इस दलदल से मुक्ति पाना बहुत जरूरी है अब आने वाले जनगणना 2026-27 में जनजाति- कुड़मि, मातृभाषा- कुड़मालि अवश्य दर्ज करें तभी हमारी वास्तविक पहचान मिल पायेगी।

## नाला में शिव मंदिर का निर्माण कार्य शूरू



नाला (जामताड़ा) । नाला क्षेत्र के सिमलडुबी पंचायत अन्तर्गत जलांई गांव स्थित धर्मराज मंदिर परिसर में शिव मंदिर का निर्माण कार्य शुभारंभ होने से श्रद्धालु सहित ग्रामीणों में खुशी का माहौल बना हुआ है। इस भव्य मंदिर का निर्माण ग्रामस्थ सोलह आना के द्वारा करवाया जा रहा है। मालूम हो कि बिते 21 मई को सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का विश्राम के पावन अवसर पर कल्यानेश्वरी पश्चिम बंगाल के कथावाचक धर्मप्राण परम पूज्य संत श्री प्राणेश माधव दास ब्रम्हचारी जी महाराज एवं उनके सहयोगी आचार्य के सानिध्य में मंदिर निर्माण के लिए विधि पूर्वक भूमि पूजन किया गया था। गांव में शिवलय का निर्माण कार्य शुरु होने से भक्तों के अपार सहयोग तथा आना-जाना लगा रहने से कार्यस्थल के लोगों का मनोबल भी निरंतर बढ़ने लगा है। इस मंदिर का निर्माण कार्य में ग्रामीण एवं श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। बताया गया कि मंदिर का निर्माण कार्य शुरू किए जाने से शिव भक्तों के साथ-साथ आसपास गांव के लोगों में भी भक्ति और अपार उत्साह का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के भक्त अब मंदिर का उद्घाटन तथा पुजार्चना के लिए बेसब्री से इंतजार करने लगे हैं। मंदिर बनने की खबर से स्थानीय इलाके में उत्साह और खुशी है।शास्त्रों के अनुसार शिवालय का निर्माण कराने या निर्माण में सहयोग देने से भक्तों को असीम पुण्य और आध्यात्मिक लाभ की प्राप्ति होती है। इससे न केवल वर्तमान जीवन में बल्कि परलोक में भी सुख और शांति मिलती है।

# वंदे भारत डिपो घो़टना रे टेक्नीशियने गो़च्एन तायो़म रेलवे स्टेशन रेको धरना केदा



खोबोरिया

**जमशेदपुर।** टाटानगर रेलवे स्टेशन रे मेनाक् वंदे भारत एक्सप्रेस डिपो रे हाई वोल्टेज तार पाचो़ट रे पाड़ावेन ते गा़हिर रूप ते लो़येन टेक्नीशियन आशीष मांझीये गो़च् एन तायो़म सिंगेमाहां हिलोक् ओड़ाक् रेन हो़ड़ आर टोठा रेन हो़ड़ दो़को रांगावेना। आशीषगो़च्एन रेयाक् खो़बो़रको ञामकेत् सांवते गे ओड़ाक् रेन आरटोठा रेन हो़ड़ दो़ रेलवे स्टेशनको सेटेरेना आर का़उडी, घारो़ंज रेन मित् हो़ड़ नौकरीको एमावाको आर दुसी बिरो़द रे कार्रवाई ला़गित् खो़ज बाखरा ते धरना रेको दुड़ुप् एना। परसुडीह रेन गिरा़बा़सी आशीष मांझी दो़ 30 मई हिलोक् ञिन्दा़ सेच् वंदे भारत ट्रेन रेयाक् एसी सिस्टम जुतेत्कान ताहेंन उन ओ़कते हाई वोल्टेज तार चापो़ट रेय पाड़ाव लेन ताहेंना। आ़डी गा़हिरे लो़येन तायो़म उनी दो़ टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) रेको भा़रती लेदेया, ओन्डे आयमा दिन हा़बिच् रान-मुरगा़न तायो़म ञुहुममाहां हिलोक् आ़युप् बेला सेच् उनीये गो़च् एना। आशीषे गो़च्एन तायो़म सिंगेमाहां हिलोक् सेताक् सेच् ओड़ाक् रेन हो़ड़ दो़ टाटानगर जीआरपी थाना हो़ंको सेटेरेना आर घो़टना होयेन दुसी अधिकारी आर कर्मचारीको उपा़र रे मामला ओ़ल राकाप् ला़गित् तेको खो़ज केदा।

ओड़ाक् रेन हो़ड़ दो़ थाना प्रभारी दारखास जिमा़वाय तुलुच् दो़सकोलादे केदा जे सुरक्षा इक्यूमेंट रे धियान बाको दो़हो़ लेत् रे नोआ घो़टना दो़ होयेना। ओनको दो़ मामला रे सेलेत्कोताहेंनकान जो़तो़ जिमा़बा़रीयान हो़ड़को उपा़र रे दो़स रेयाक् मुकदमा ओ़ल राकाप् कातेत् साप्को ला़गित् तेको खो़ज केदा। उन ओ़कते आशीष रेन ठिका़ कंपनी अमित इंजीनियर्स दो़ पा़हिल रे गे रेल थाना, आरपीएफ आर टोठा रेयाक् थाना रेको कोलाकात् पत्र रे दो़सको लादे केदा जे मो़ज इलेक्ट्रिकल आइसोलेशन आर पावर शटडाउन बेगो़र ते कर्मचारीको ट्रेन रेयाक् छत रे का़मीय ला़गित् तेको कोलाकादे ताहेंना।

कंपनी दो़ वंदे भारत रेन इंचार्ज संजीत सिंह, एई संदीप राव, जेई संजू मिंज आर फाल्गुनी राव ला़ई ते सेलेत् मेनाक्को अधिकारीकोवाक् एनेम जाँच कातेत् कार्रवाई ला़गित् तेको खो़ज केदा।

## मा कुड़पाड़मे



**ञुतुम- राजाधन सोरेन**

**(आतो-नवाडीह, थाना-लिट्टीपाड़ा, जिला-पाकुड़, झारखंड)**

साकाम सागेन लेन रेको मेना
जिरा़उ जो़ड़ दिन दो़ सेटेरेना
उन माराङ लो़लो़ सेतोङ दिन
सेताक् आ़युप् दाक्-दाक् ते पारो़मेना

नित् सेतोङ धिना़न दाक् हायरे झो़मो़र-2
हो़य बिजली बिलिस-2 हुडुर आ़डी बो़तो़र
उल बुटा़ जो़जो़ बुटा़ बाङ आ़म लेन जिरा़उ दिन
आचकागे सेटेरेना इता़ एर आफे़र दिन

नौकरी चा़करी बा़नुक्तामा
बा़नुक्तामा फेर बेपार
जागा जुमी मेनाक्तामा ओनागे चास आबादमे
एनहों चेदाक्एम ताहेंना बेकार

खेत बाड़गेम सियाक्आ तो़बेसेम चासो़क्आ
बाङखान! नेस बो़छो़र जो़म ला़गित् ओका खो़नेम आसो़क्आ
इता़ एर आफे़रमे चासो़क् रे लागावमे मो़न
नेस बो़छो़र जो़म ला़गित् तो़बेम आरजावा धो़न

(ओं़नो़ड़हें दो़ ओ़नो़लिया़वाक् निज जियोन खो़नाक् गे)

## एकलव्य विद्यालय कोमबड़ो कांड रेयाक् बाडायेना, बारयाकिन साप् ञामेना



खोबोरिया

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला़ रेयाक् कु़मारडुंगी थाना टोठा रेयाक् गंडकीदा आतो रेयाक् एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय रे 06 जून हिलोक्कोमबड़ोयेन घो़टो़ना रेयाक् पुलिस दो़को बाडाय आकादा। नोआ मामला रे बारया आरोपितको साप्किन सांवते गे कोममबड़ो सामान हो़ंको ञाम आकादा। नोआ बाबो़त रे आठवार हिलोक् ओरामेन पत्रकार स मेलनरे अनुमंडल पदाधिकारी एसडीपीओ रफायल मुर्मू दो़ पुरा़उ काथाय लाई़केदा। एसडीपीओ दो़य ला़ई केदा जे इसकु़ल खो़न फर्नीचर आर एटाक् बेबो़हारो़क् सामान कोमबड़ो आकान ला़लिस ञामेन तायो़म पुलिस दो़खास जांचको एहो़प् केदा। जांच ओ़कते ञामेन सुराग आधार रे पुलिसदो़ गंडकीदा आतो रेयाक् जंजरासाई टोला रेन राम हे ब्रम 38 उमा़र आर रासिका हे ब्रम 31 उमा़र रेन साप् कातेको कु़ली केत्किना। कुलीकिन ओ़कते रे नुकिन आरोपित दो़ कोमबड़ोय रे सेलेत्किनहेंक् मानाव एना। आरोपितकिनाक् निसा़ना रे पुलिस दो़ आयमा ठा़ंव रेको सेंदरा केदा, जाहां खो़न कोमबड़ो आकान सामान ञाम आकाना। ञामेन सामान रे आरे गोटेच् मेड़हेंत् बेड ए पोनया गाद्दा आर बजाज कंपनीयाक् इरा़ल गोटेच् पंखा मेनाक्आ। पुलिस दो़ जो़तो़ सामानको जाको़ड़ आकादा आर ओना इसकु़ल प्रबंधन ठेन जिमा़वायको एहो़प् आकादा। एसडीपीओ रफायल मुर्मू ए ला़ई केदा जे घो़टो़ना दोउसा़रा ते गे पुलिस टीमाक् रिकिड़ ते आर तकनीकी जांच ते जा़रूड़ान ताहेंयेना। नुकिन आरोपित दो़ जेहेल कोलकिन रेयाक् कुड़पाड़ होयोक् काना।

## तोरपा विधायक दो़ एयाय गो़टेच् एंबुलेंस आर पेया मा़ड़ीं गा़ड़ीय लोकार्पण केदा



खोबोरिया

**खूंटी।** जिला़ रेयाक् तोरपा विधानसभा क्षेत्र रे स्वास्थ्य सुबिताको केटेज पोंथा रे आठवार हिलोक् मित् जा़रूड़आनाक्को पोंथा केदा।तोरपा प्रखंड कार्यालय छाटका रे मेनाक् टाउन हॉल रे ओरामेन मित् समारोह रे विधायक मद खो़न एमात्को 07 गो़टेच् एंबुलेंस आर 03गो़टेच् मांड़ीं गा़ड़ी लोकार्पण काते क्षेत्र रेन हो़ड़को ला़गित्ए एमात्कोआ। समारोह रे आसो़ल पेड़ा रूप रे तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया आर खास पेड़ा रूप रे झामुमो रेन जिलाध्यक्ष जुबैर अहमदए ताहेंकाना। का़मीहो़रा ओ़कते विधायक जनप्रतिनिधिको आर प्रशासनिक अधिकारीको दो़ मिला़उ ते गा़डी हा़रियाड़ झांडीको तुलात् तेको कोल केदा। गा़डी कोल सांवते गे ताहेंकान हो़ड़ दो़ नोआ पोंथाको कुसीयादा आर नोआ टोठा ला़गित् बेबो़हारआनाक् पोंथाको ला़ईकेदा। नोआ खो़न माड़ाङ का़मीहो़रा दो़ माला़ बा़ती जेरेत् कातेको एतो़हो़प् केदा। पेड़ाको दो़ बाहाथुपला़क् एम कातेको आताङ दाराम केत्कोआ। समारोह रे आयमा पंचायत आर प्रखंड खो़न हेच्एन जनप्रतिनिधिको, स्वास्थ्य विभाग रेन अधिकारीको, सामाजिक कार्यकर्ताको आर आतो हो़ड़कोको सेलेत् एना। सभा रे गालमारावाको तुलुच् विधायकसुदीप गुड़िया दो़य मेन केदा जे टोठा रेन हो़ड़को सो़मो़य रे स्वास्थ्य सुबिता एमावाको दो़ उनीयाक् पा़हिलाक् काना। उनीय मेन केदा जेतोरपा विधानसभा टोठा रेयाक् आयमा आतो बिर बुरू इलाका रेमेनाक्आ, जाहां खो़न गा़हिर रूप ते रूवा़क् रूगीको हासपाताल धा़बिच् सेटेरको रे आ़डीको मुसकिलो़क् काना। आयमा धाव एंबुलेंसबाङ ताहेंन ते रूगीको रान ओचोको रे दिरीक् कान ताहेंना, नोआ ते ओनकोवाक् हालो़त आरहों गा़हिरो़क् कान ताहेंना। विधायक दो़य मेन केदा जे टोठारिया़कोवाक् नोआ मुसकिलाक् धेयान रे दो़हो़य तुलुच् विधायक मद खो़न एंबुलेंस आर मांड़ीं गा़ड़ी एमावकावात्कोआ। नोआ गा़डी चालावक् ते आपातकालीन हालो़त रे रूगीको उसा़राते हासपाताल इदी सेटेर दाड़ेयाको, नोते जा़रूड़ पाड़ावक् रे मांड़ींको स मानजनक परिवहन रेयाक् सुबिता हों एमावाकोआ। उनी दो़ विश्वासे सो़दो़र केदा जे नोआ पोंथा क्षेत्र रेयाक् स्वास्थ्य बेबो़सता केटेच् बेनाव आर हो़ड़को राहत एमावाको रे जा़रूड़आनाक्ए का़मीया।

## कांग्रेस नेता परविंदर सिंह एलपीजी सिलेंडर रेयाक् दाम बाड़हावेन बाबो़त रे दिसा़म सरकार उपा़र रेय आबाक् केदा पा़ंड़ी



खोबोरिया

**पूर्वी सिंहभूम।** एलपीजी गैस सिलेंडर रेयाक् दाम 29 टाका बाड़हावेन बाबो़त रे पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी रेन अध्यक्ष परविंदर सिंह दो़ केंद्र सरकार उपा़र रे पा़ंड़ीय आबाक् केदा। उनी दो़ मेन केदा जे ढेर इदिक्कान महंगाई ताला रे रसोई गैस रेयाक् दाम ढेरो़क् दो़ हो़ड़को, आसो़कायते रेंगेच् आर से एनकान माछाघारो़ंज रेनको ला़गित् आ़डी माराङ बोझा गे सा़बितो़क् काना। सिंगेमाहां हिलोक् जा़रीयेन बयान रे परविंदर सिंह दो़य मेन केदा जेदिसा़म रे लाहा खो़न गे पेट्रोल, डीजल आर दिना़म जा़रूड़ो़क्आक् जिनिसको रेयाक् दाम मित् गे तालाव ढेर इदिक् काना। ओनकान सो़मो़य रे एलपीजी सिलेंडर रेयाक् दाम ढेरो़क् दो़ का़मी आ़सुलो़क् हो़ड़, चा़सीको, को़म कामाव हो़ड़ आर एनकान माछा घारो़ंज रेनहो़ड़ाक् मुसकिलाक् दो़ आरहो़ंय ढेरा। उनी दो़ दो़से लादे केदा जे दिसा़म सरकार उपा़र रे महंगाई नियंत्रण रेय लिचाड़ आकाना, मेनखान हो़ड़ाक् कामाव आर रोजगार रेयाक् ओ़पसो़र दो़ बाङ ढेरो़क् काना।

कांग्रेस नेता दो़य मेन केदा जे रसोई गैस दो़ तेहेञ मिमित् घारो़ंज रेयाक् आसो़ल जिनिस बेनावाकाना। ओनका रे नोआ रेयाक् दाम बाड़हाक् रेयाक् सीदहा़ असर दो़ घारो़ंज रेयाक् चान्दोकिया़ बजटरे पाड़ाक्आ। उनी दो़य मेन केदा जे जाव उडिच् कामावेत्कान हो़ड़कोवाक् ओड़ाक् खारचा दो़ आरतेत् गे मुसकिलो़क्आ।आसो़कायते मायजीउको दाका-उतुय बजट रे आ़डी माराङ आनाट ञेल होयो़क् ताकोआ।परविंदर सिंह दो़ दिसा़म सरकार ठेन एलपीजी सिलेंडर रेयाक् बाड़हावाकान दाम दो़ उसा़रा ते हाताव रूवा़ड़ रेयाक् खो़ज दो़हो़यतुलुच्ए मेन केदा जे महंगाई नियंत्रण ला़गित् केटेच् का़मी का़मीय लेककान ताया। उनी दो़य मेन केदा जे सरकाराक् आसो़ल का़मी दो़ हो़ड़ रवालको रेयाक् होयो़क् लेक काना, नोआ दो़ बाङ जे बा़ड़ती बोजहा लादेयाको।

## अतीक अहमदाक् नित हा़बिच् ते 11,684 करोड़ रेयाक् सो़मपतीको जा़पुत्केत् ताया

### गो़च् कातेत् पे सेरमा होयेन तायो़म हों अतीकाक् कारोड़ टाका रेयाक् सो़मपुती सो़दो़रेना



खोबोरिया

**लखनऊ।** प्रयागराज रेन बाहुबली अतीक अहमद आर आच् बोयहा अशरफ ताकिन गो़च् कातेत् पे सेरमा होयेना, मेनखान तिन हों उकिनाक् बेआ़ईनी राजपाट तेकिन कामाउ आकात् सो़मपती सो़दो़रो़क् काना। अतीक अहमदाक् हा़बिच् ते 11684 करोड़ खो़न बा़ड़ती सो़मपा़तीको गो़बो़लकेत् ताया। पारो़मेन पे सेरमा रे उन दो़ आयमा बेआ़ईनी लेका तेय का़मी आचोलेत् जायगा रे बुलडोजरको चालाव केदा। प्रयागराज रेमा उनीयाक् हा़तीया़उ आकात् जायगा रे योगी सरकार दो़ रेंगेच्-नाचार हो़ड़को ला़गित् ते ताहेंन ओड़ाक्ए बेनाव केदा, मेनखान तिन हों उनीयाक् बेआ़ईनी सो़मपुती दो़ सो़दो़रो़क्कान गेया। जा़रूममाहां हिलोक् बिजनौर रे पुलिस दो़ कार्रवाई तुलुच् 168.13 करोड़ रेयाक् सो़मपुतीको जा़पुत् केदा। नोआ रे धामपुररे मेनाक् उमर इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस आर चासाय ला़गित् ते जायगा सेलेत् मेनाक्आ। मीडियाकोवाक् रिपोर्ट लेका ते अतीक अहमदाक् बेआ़इनी राजपाट दो़ तिनाक् माराङ ताहेंकान ताया। नोआ ते बाडायो़क् काना जे एकेन प्रयागराज मो़तो़ रे दो़ बाङ यूपी रेयाक्आयमा जिलाको रे उनीयाक् नित हों बेआ़ईनी सो़मपुती मेनाक् ताया,सितंबर 2024 सेरमा रे प्रयागराज रेयाक् नैनी टोठा रे 6 करोड़ रेयाक् जायगाको कुड़की केदा आर बार जायगाको जा़पुत् केदा। अतीक अहमद दो़ नोआ जुयागा आच् रेन खास हो़ड़ श्याम सरोजाक् ञुतुम तेय हाताव लेदा। अप्रैल 2023 सेरमा रे ईडी दो़ 100 करोड़ टाका खो़न बा़ड़ती बेआ़ईनी सोमपुती रेयाक् कागो़ज 85 लाख टाका नगद आरमोटामुटी 3 करोड़ रेयाक् सोने-हीरे रेयाक् मालाको जा़पुत् लेदा।

## पा़टिया़ तेको बेदहाव आकात् ताहेंन मा़ंड़ीको ञाम केदा, जांचको धुरा़वेना पुलिस

खोबोरिया

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला रेयाक् चाईबासा मुफस्सिल थाना टोठा रे मेनाक् रेलवे कॉलोनी सोर रे सिंगेमाहां हिलोक् सेताक् सेच् भो़यो़न पासनावेना तिन रे मित्टेन आ़नाड़ी हो़ड़ाक् सेया गे मा़ंड़ीको ञाम केदा। मा़ंड़ी दो़ पा़टिया़ रेको बेदहाव आकात् ताहेंना आर ओना खो़न आ़डी सेयाक् गे सो़ ओडोगो़क्कान ताहेंना। पा़हिल जाँचलेका ते पुलिस दो़ नुयको गो़च् आकादे मामला मेन कातेत् जाँचकोधुरा़वेना। पुलिस ठेन खो़न बाडाय ञाम आकान लेका रे सिंगेमाहांहिलोक् सेताक् सेच् आतो रेन हो़ड़ दो़ दिना़म हिलोक लेका का़मीयला़गित् ते खेत तेको चालाक्कान ताहेंना। उन ओ़कते रेलवे कॉलोनीसोर रे ओनकोवाक् धियान दो़ मित्टेन दिगधा़वान जिनिस रे पाड़ावेन ताकोआ। पा़टिया़ खो़न सेया गे सो़ ओडोगो़क्कान ते आतो हो़ड़ दो़दिगधा़ हेच् आत्कोआ। चालाव सोर कातेत्को ञेल केदा जे ओना रेमित् हो़ड़ाक् मा़ंड़ीको ञाम केदा। मा़ंड़ी दो़ आ़डी जा़सती गे सेयावाकान ताहेंना आर काजाक् सो़क्कान ताहेंना। मा़ंड़ीको ञामकेत् रेयाक् खो़बो़र दो़ मित् घा़ड़िच् ते पुरा़ टोठा रे पासनावेना, ओना तायो़म आतो हो़ड़को दो़ आयमा लेखा रे घो़टना जायगारेको सेटेरेना। आतो हो़ड़ दो़ नोआ घो़टना उसा़रा ते मुफस्सिलथाना पुलिसको खो़बो़रात्कोआ। खो़बो़रको ञामकेत् लेका रे पुलिस टीम दो़ ओन्डेको सेटेरेना आर घो़टना जायगाको घेरावएसेत् कातेत् जाँचको एहो़प् केदा।

## राहरगोड़ा रे ओवरब्रिज-अंडरपास बेनाव बाखरा ते सो़ड़ो़क जाम कातेत्को बिरो़द केदा



खोबोरिया

**पूर्वी सिंहभूम।** परसूडीह थाना टोठा रेयाक् राहरगोड़ा रेलवे फाटक ठेन आयमा बो़छो़र खो़न आतरा गे मेनाक् ओवरब्रिज आर अंडरपास बेनाव खो़ज बाखरा ते सिंगेमाहां हिलोक् टोठा रेन हो़ड़ दो़को रांगावेना। आयमा लेखा रे आतो हो़ड़ दो़ सो़ड़ो़क रे टायारजेरेत् कातेत्को बिरो़द केदा आर आसो़ल सो़ड़ो़क जाम कातेत्रेलवे प्रशासन आर रेल मंत्रायल ताकिन बिरो़द रेको रा़गा़उ केदा। जुगसलाई रेन विधाय मंगल कालिंदी रेन प्रतिनिधि मिथुन चक्रवर्ती आरउत्तर पश्चिम गदरा पंचायत रेन मुखिया सुनीता नाग ताकोवाक् आ़युर रे ओरामेन नोआ रैली रे आयमा लेखा रे आतो हो़ड़, सामाजिक कार्यकर्ताआर टोठा रेन जनप्रतिनिधिको सेलेत् एना। रैली हो़ड़ दो़ दो़सको लादेकेदा जे आयमा दिन खो़न टोठा रेन हो़ड़ाक् खो़ज बाको धियानाक् काना, नो़ते रेलवे फाटक ठेन जामो़क्कान आर घो़टना घाटाक् रेयाक् मुसकिलाक् दो़ दिना़म-दिन गा़हिर चालाक् काना। रैली बाबो़त रे रो़ड़ तुलुच् मिथुन चक्रवर्ती दो़य मेन केदा जे राहरगोड़ा,सलगाझुड़ी, बारीगोड़ा आर गोविंदपुर रेलवे फाटक रे दिना़महिलोक् आ़डी घा़ड़िच् हा़बिच् जाम गे ताहेंन काना। नोआ तेहजार-हजार हो़ड़ाक् जियोन एसेरो़क्कान ताकोआ। उनी दो़य मेनकेदा जे फाटक आ़डी घा़ड़िच् हा़बिच् बो़ंद गे ताहेंनकान तेआजाराकान हो़ड़ हों अस्पताल इदीको ला़गित् ते आ़डी बिला़मो़क्काना, पाठवा़कोवाक् ओ़लो़व-पाड़हाक् रे हों चापो़टो़क् काना आर नालहा आ़सुलो़क् हो़ड़को हों सो़मो़य रे सेटेरो़क् ला़गित् तेको मुसकिलो़क् काना। रैली ताक रे मित् घा़ड़िच् ला़गित् तेगा़डी हिजुक्-सेनो़क् दो़ बो़ंद आकान ताहेंना। टोठा रेन प्रशासन आर पुलिसको सेटेरेन तायो़म गा़डी हिजुक्-सेनो़क् दो़ एहो़प् एना।टोठा रेन हो़ड़ दो़को पुसटा़उ केदा जे तिन हा़बिच् ओनकोवाक् खो़ज रे केटेच् ते कार्रवाई बाङ होयोक्, उन हा़बिच् आंदो़ड़ दो़ तोंगेगे ताहेंना।

## नुकरी बाहाली रेयाक् आस रे सरयू रायाक् दुवा़र रेको सेटेरेना एटीएम सुरक्षा गार्ड



खोबोरिया

**पूर्वी सिंहभूम।** भारतीय स्टेट बैंक रेयाक् एटीएम केंद्रको रे आयमा बो़छो़र खो़न सुरक्षा गार्ड रूप रे का़मीकान कर्मचारीकोवाक्रोजगार मुसकिल इदिक् काना। नावां सुरक्षा एजेंसी सीआईएसएस हेच्एन तायो़म पासेच् 140 गो़टेच् सुरक्षा गार्ड बेगो़र स्पष्ट कारो़न ला़ई तेका़मी खो़नको ओ़चो़क् केत्को रेयाक् मामला नित दो़ राजनीतिकआर सामाजिक ता़री रे चारचा रेयाक् विषय बेनाव आकाना। आठवार हिलोक् नुकरी खो़न ओ़चो़क् केत्को सुरक्षा गार्डको रेन मित्प्रतिनिधिमंडल असंगठित क्षेत्र मजदूर प्रकोष्ठ रेन प्रतिनिधि अमित शर्मा सालाक् जमशेदपुर पश्चिम रेन विधायक सरयू राय सांवतेको ञापामेनाआर आकोवाक् मुसकिलाक्को बाडाय ओचोकेदेया। गार्डको ला़ई केदाजे ओनको आयमा पारो़मेन 10 खो़न 15 बो़छो़र खो़न एसबीआई रेयाक् आयमा एटीएम केंद्रको रेन सुरक्षा रे तो़यनातको ताहेंकाना, मेनखानएजेंसी बो़दो़लेन तायो़म आचकागे का़मी खो़नको जुदा केत्कोआ। सुरक्षा गार्डको ला़ई केदा जे नुकरी चालावेन तायो़म आ़डी लाहारेस्वयं संगठित काते आंदोलनको एहो़प् लेदा। आयमा दिन धा़बिच् धरना प्रदर्शन आर अधिकार धा़बिच् आकोवाक् काथा सेटेराकोको कुरूमुटू केदा। तायो़म ते ओनकोवाक् आंदोलन ला़गित् झामुमो आरकांग्रेस नेतावाक् सो़मो़रथो़न हों ञामेना। बानार दो़ल रेन प्रतिनिधि दो़ ओनकोवाक् खो़ज रे सो़मो़रथो़न तुलुच् एजेंसी आर बैंक प्रबंधन सामाङ मामलाको राकाप् केदा, मेनखान एनरेहों ओ़चो़क् केत्को कर्मचारीकोवाक् बाहाली बाङ होय दाड़ेयादा। मामला गा़हिर ते मोनेयाक् तुलुच् सरयू राय दो़ प्रतिनिधिमंडल रेने काथावात्कोआ जे उनी दो़ञो़नो़ड़ाव एजेंसी आर भारतीय स्टेट बैंक रेन अधिकारीको सांवतेगालमाराव काते पुरा़उ मामला रेयाक् जानकारीय कुलीकोआ आरकर्मचारीको हित रे फाण्डाव ओडोक रेयाक्ए कुरूमुटुया।

## पटमदा रे कार घो़टना तायो़म बवाल, आतो हो़ड़ दो़ चाक्लाविच् आर उनी रेन गातेको दाल केदेया



खोबोरिया

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला रेयाक् पटमदा थाना टोठा रेयाक् लोवाडीह आतो रे सिंगेमाहां हिलोक् मित्टेन सो़ड़ो़क घो़टना तालारे रांगा-रा़ंगी जानामेना। बाङ सामबड़ावलेन ते मित्टेन जनरल स्टोररे कार बो़लो़येन तायो़म आतो हो़ड़ाक् रांगाव ढेरेना आर ओनको दो़ कार चाक्लाविच् आर उनी रेन सो़ंगेको दाल केदेया। हालो़तनुनाक् गाड़बाड़ावेना जे ओ़न्डेको सेटेरेन पुलिस हों रांगावाकान हो़ड़ाक् बिरोध आर धक्का-मुक्की साहाव होयेन ताकोआ। घो़टना रेकार चाक्लाविच् सांवते बार हो़ड़किन घा़लेना। पुलिस ठेन खो़न ञामेन बानाडाय लेका रे, परसुडीह रेयाक् प्रथमनगर रेन गिरा़बा़सी 25 बो़छो़र रेन अरूप भंडारी दो़ आपनार पड़ोसी 39 बो़छो़र रेन सुमित सिंह सालाक् ते कार ते जमशेदपुरेरूवा़ड़ो़क्कान ताहेंकाना। दो़स लादे मेनाक्आ जे डाहार रेलावजोड़ा हाथीखेदा मंदिर सोर रे उनकिनाक् कार दो़ बाइक सो़ंगेठो़कोरेना। नोआ घो़टना तायो़म बानार पाहटा ताला रे झोगड़ा आरदाल तापाम लेकान ओ़बो़सता जानामेना। हें मेनखान नोआ बाबो़त रे पुलिसको जांचेत् काना। ओ़न्डे खो़न लाहा सेच् लाहायेन तायो़म लोवाडीह आतो सेटेरेना, ओ़न्डेचाक्लाविच् दो़ गा़डी बाय सामबड़ाव दाड़ेवादा। ञेञेल हो़ड़ाक् ला़ई लेकाते, ता़पिस रे ताहेंकान कार दो़ लाहा रे सो़ड़ो़क आड़े रेयाक् मित्टेन खुन्टी रे ता़पिञेना आर ओना तायो़म सीधा़ सुकु महतोवाक् जनरल स्टोर रे बो़लो़येना। घो़टना नुना़क् आचका होयएना जे दुकान रे ताहेंकान हो़ड़ दो़ बाको सामबड़ाव दाड़ेवादा। भाग ते दुकानदार आर दुकान आडेपासे रेकिन गातेक्कान ताहेंन बारया गिदरा़ सो़मो़य रेकिन ओ़चो़क् एना, ओनका रे माराङ घो़टनाहोयो़क् खो़न बांचावेना।

# दुमका को मिलेगी धूल और जाम से राहत न्यू मदनपुर बनेगा माल ढुलाई का नया केंद्र





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका/कोलकात।** दुमका शहर जल्द ही कोयले की धूल, भारी ट्रकों की आवाजाही और यातायात जाम जैसी समस्याओं से काफी हद तक मुक्त होने जा रहा है। पूर्व रेलवे ने दुमका के निकट स्थित न्यू मदनपुर हॉल्ट को एक अत्याधुनिक ब्लॉक स्टेशन और पूर्ण विकसित माल गोदाम केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह परियोजना न केवल क्षेत्र की माल ढुलाई व्यवस्था को नई गति देगी, बल्कि दुमका के लोगों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण भी उपलब्ध कराएगी।

पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर के नेतृत्व में संचालित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत वर्तमान में दुमका स्टेशन पर संचालित भारी माल ढुलाई गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से न्यू मदनपुर स्थानांतरित किया जाएगा। अभी दुमका स्टेशन पर प्रतिदिन तीन से चार कोयला रेकों के अलावा पत्थर, बालू और खाद्यान्न से भरी रेकों का संचालन किया जाता है। इससे स्टेशन क्षेत्र और आसपास के इलाकों में कोयले की धूल, ट्रकों की भीड़ और शोर-शराबे की समस्या लगातार बढ़ती रही है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार भविष्य में कोयला लोडिंग बढ़कर प्रतिदिन छह रेक तक पहुंच सकती है। इसी संभावना और स्थानीय लोगों की लगातार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए न्यू मदनपुर को एक समर्पित माल ढुलाई केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है।

दुमका से लगभग 4.20 किलोमीटर दूर स्थित यह स्टेशन दुमका-बासुकीनाथ और दुमका-बारापलासी रेलखंड के बीच पड़ता है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद भारी ट्रकों का आवागमन शहर के भीतरी हिस्सों से कम हो जाएगा, जिससे यातायात दबाव में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही, कोयले की धूल से प्रभावित होने वाले हजारों लोगों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर वायु गुणवत्ता का लाभ मिलेगा। यात्रियों की सुविधाओं पर भी इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा और जसीडीह तथा भागलपुर की दिशा में रेल सेवाएं पूर्ववत संचालित होती रहेंगी।

यह परियोजना केवल स्थानीय सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की औद्योगिक और ऊर्जा आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखकर तैयार की गई है। न्यू मदनपुर स्टेशन सहारपुर-जमारपानी कोयला ब्लॉक और पचवारा साउथ कोयला ब्लॉक से होने वाली बड़े पैमाने की कोयला निकासी के लिए एक महत्वपूर्ण रेलहेड के रूप में कार्य करेगा। इन कोयला परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश के प्रमुख ताप विद्युत संयंत्रों को ईंधन आपूर्ति की जाती है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने कहा कि रेलवे औद्योगिक विकास और जनहित के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। न्यू मदनपुर को आधुनिक माल ढुलाई केंद्र के रूप में विकसित करने से एक ओर ऊर्जा क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर दुमका के नागरिकों को अधिक स्वच्छ, शांत और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा।

दुमका के लिए यह परियोजना केवल एक रेलवे विस्तार नहीं, बल्कि बेहतर शहरी जीवन, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और क्षेत्रीय आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होने जा रही है।

## झारखंड आंदोलनकारियों का ऐलान

# सम्मान राशि और आश्रितों के अधिकारों के लिए होगा बड़ा आंदोलन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में रविवार को झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष बाबूराम मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सभी आंदोलनकारियों को सम्मान राशि देने तथा उनके आश्रितों के लिए विभिन्न सुविधाओं की मांग को लेकर व्यापक चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बाबूराम मुर्मू ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान का परिणाम है। अलग राज्य आंदोलन के दौरान अनेक आंदोलनकारी शहीद हुए, कई जेल गए और हजारों लोगों ने आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। आंदोलन की ताकत के कारण ही केंद्र सरकार को झारखंड को अलग राज्य का दर्जा देना पड़ा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में राज्य सरकार ने आंदोलनकारियों की पहचान के लिए आयोग का गठन किया था, जिसके माध्यम से हजारों आंदोलनकारियों को चिह्नित किया गया। हालांकि वर्तमान में केवल उन आंदोलनकारियों को सम्मान राशि मिल



रही है जो आंदोलन के दौरान जेल गए थे। पहले उन्हें तीन हजार रुपये मासिक सम्मान राशि दी गई, जिसे बाद में बढ़ाकर साढ़े तीन हजार रुपये कर दिया गया। लेकिन आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अन्य आंदोलनकारी आज भी इस सुविधा से वंचित हैं, जो उनके साथ अन्याय है।

श्री मुर्मू ने बताया कि इन मांगों को लेकर 15 जून को जिला मुख्यालय में झारखंड आंदोलनकारियों की एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया जाएगा, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर आंदोलनकारियों की मांगों को रखेगा। यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। बैठक के दौरान झारखंड आंदोलनकारी प्रखंड कमेटी का भी गठन किया गया। इसमें नंदलाल हांसदा को प्रखंड अध्यक्ष, कुमोद यादव और सुरेश कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष, विष्णु भंडारी को सचिव, मिस्त्री टुडू और मुख्तार अंसारी को उप सचिव तथा सुरेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा 18 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें जितेंद्र हेम्ब्रम, प्रेम कुमार मंडल, समीर मंडल समेत अन्य सदस्यों को शामिल किया गया।


बैठक में जिला सचिव मनोज पांडेय, उपाध्यक्ष अरुण मंडल, देवलाल बेसरा, जयनारायण मंडल, मुर्तजा अंसारी, गौरीशंकर झा, राजेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने फौजदारी दरबार में बाबा भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



**जरमुंडी ।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय रविवार को पूजा अर्चना करने के लिए बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर न्यायाधीश ने भगवान बासुकीनाथ का जलाभिषेक कर षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना की और सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। उनके आगमन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। बासुकीनाथ मंदिर में जस्टिस के पुरोहित कुंदन पत्रलेख एवं उनके सहयोगियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी मां बगलामुखी आदि महाविद्याओं की विशेष पूजा कराई। भोलेनाथ की पूजा के उपरांत वृहत आरती की गई। पूजा-अर्चना के बाद न्यायाधीश ने बासुकीनाथ स्थित वन विभाग के अतिथिशाला में पहुंचे, जहां उन्होंने कुछ समय विश्राम किया। इसके पश्चात वे अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत गंतव्य के लिए रवाना हो गए। मौके पर जिला जज सुधांशु शशि, देवघर जिला जज कौशल किशोर झा,कोर्ट रजिस्ट्रार मोहित चौधरी, मंदिर प्रभारी सह अंचलाधिकारी संजय कुमार, एसडीपीओ नवल किशोर सिंह, पुलिस निरीक्षक दयानंद साह, कोर्ट नाजीर प्रमेश गण, कुंदन कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# जरमुंडी : हत्या मामले में घटनास्थल पर साक्ष्य की तलाश में जुटी पुलिस, खंगाली झाड़ियां



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी ।** अपराधियों द्वारा 30 वर्षीय युवक की हत्या के बाद बासुकीनाथ-नोनीहाट मुख्य मार्ग पर धोबेय नदी के किनारे झाड़ियों में शव को फेंके जाने के मामले में अबतक मृतक युवक पहचान नहीं हो पाई है।

बता दें कि पिछले गुरुवार की रात 30 वर्षीय युवक की हत्या कर शव को हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बासुकीनाथ -नोनीहाट मुख्य मार्ग पर धोबेय नदी के किनारे फेंक दिया गया था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव को तीन दिन के लिए सुरक्षित रखा है। इधर, जरमुंडी एसडीपीओ नवल किशोर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल के आसपास झाड़ियों को खंगाला। जरमुंडी एसडीपीओ नवल किशोर सिंह, हंसडीहा थाना की पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे।

इस दौरान हत्या में प्रयुक्त हथियार की तलाश एवं अन्य साक्ष्य की तलाश को लेकर झाड़ियों में काफी देर तक खोजबीन की गई, लेकिन हाथ कुछ भी नहीं लगा। पुलिस का अनुमान है कि युवक की हत्या किसी पत्थर का इस्तेमाल करके किया गया है। हत्यारे ने हत्या के बाद पत्थर को आसपास की झाड़ियों में ही फेंक होगा। स्थल का निरीक्षण से अनुमान लगाया कि इसी स्थल पर हत्या की गई है। टीम लगातार युवक के शिनाख्त का प्रयास कर रही है। कयास लगाया जा रहा है कि युवक की साजिश के तहत हत्या की गई है। पुलिस तकनीक के सहारे मामले के उद्भेदन में लगी हुई है।

## बासुकीनाथ में श्रीराम कथा सुनने के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़



**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास शांतनु महाराज ने श्री राम कथा सुनाते हुए कहा कि इस धरा धाम पर जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते है, तब तब भगवान अवतार लेकर भक्तो को उनके संताप से मुक्त करते है। भगवान की सगुण लीलाओं को भक्ति व विश्वास से सुनना चाहिए, इसमे तर्क का कोई स्थान नहीं है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा के क्रम में प्रभु के जन्म के अनेक कारणों को सुनाया। कहा कि भगवान की ये घोषणा है कि जो भी भक्त सब कुछ त्याग कर उनका भजन करते है प्रभु उनकी रक्षा उसी प्रकार करते है जैसे मां अपने बच्चे की रक्षा करती है। मनु एवं शतरूपा जी के प्रसंग को सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि मनु महाराज ने जीवन के अंतिम समय में सब कुछ त्याग कर हरि भजन का मार्ग चुना। हम सब का भी यही दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए भगवान के भजन में मन लगाएं। देवताओं की करुण पुकार को सुनकर भगवान ने सबको आश्वासन दिया कि मैं अब नर रूप में धरती पर अवतरित होने वाला हूं, सभी देवता प्रभु की जय-जयकार करने लगे। पूरे अयोध्या में बधाइयां बजने लगी, राजा दशरथ मगन होकर प्रजाजनों को न्योछावर करने लगे और पूरा वातावरण राममय हो गया। कथा के दौरान श्रोताओं ने प्रभु श्री राम के जमकर जयकारे लगाएं। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अशोक बाजोरिया सपत्नीक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बाबा बासुकीनाथ सेवा मंडल के संस्थापक सत्यनारायण गुप्ता, कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, अरविंद सुराना, राजेंद्र साह, सुनील गर्ग, राम बाबू अग्रवाल, मनोहर लाल नंगलिया, श्याम सुंदर अग्रवाल, रामावतार गर्ग, मोहन सिंहल, पप्पू कुमार, विनोद लोहरीवाल, शंकर अग्रवाल, श्रवण पटवारी, गोपाल धानुका, अखिलेश सिंह सहित कोलकाता एवं बासुकीनाथ के दर्जनों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

## शाहिस्ता मेडिकल ने लगाया जांच शिविर



**शिकारीपाड़ा (दुमका) ।** आज रविवार को शाहिस्ता मेडिकल शिकारीपाड़ा की ओर से डेबाडीह उप स्वास्थ्य केंद्र के हाकिम अंसारी के निवास पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय क्षेत्र के काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर का नेतृत्व डॉ. ऐनल रहमान मलिक ने किया। कुल 55 मरीजों की विस्तृत जांच की गई और उन्हें मुफ्त परामर्श व आवश्यक दवाइयां प्रदान की गईं। ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांचें की गईं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनके गाँव में ही जांच शिविर लगने से उन्हें दूरस्थ अस्पतालों जाने की झंझट से मुक्ति मिली। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन करने का वादा किया। मौके पर डॉ तबरेज अंसारी, डॉ अमीन अंसारी एवं नर्स भी मौजूद रहे।

# एसआईआर अभियान को सफल बनाने में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

**संवाददाता**

**सरैयाहाट ।** भारतीय जनता पार्टी हंसडीहा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को हंसडीहा में आयोजित की गई, जिसमें विशेष रूप से एसआईआर अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंडल अध्यक्ष दिनेश कापरी ने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा त्रुटियों को दूर कराने में सक्रिय भूमिका



निभाने का आह्वान किया। बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मी नारायण सिंह, शांति मंडल, मंडल महामंत्री देवेश जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष धीरज झा, संजय कापरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विजय कापरी, संजय यादव, प्रेम लाल, सुबोध कुमार सिन्हा, त्रिभुवन मिस्त्री, समरेश कुमार झा, नागेश्वर कापरी, चन्द्रणी राय, अजय सिंह, बलराम मंडल, निश्चल कुमार, दिवाकर कुमार दत्ता, निलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गोपीकांदर में हूल दिवस की तैयारियां शुरू



**गोपीकांदर ।** प्रखंड के गुम्मामोड़ (मजंराबाड़ी) गांव में आगामी 30 जून को मनाए जाने वाले ऐतिहासिक हूल दिवस को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। संताल पहाड़िया समाज सेवा समिति मंजराबाड़ी के बैनर तले आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में इस बार हूल दिवस को अभूतपूर्व और भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया है। मजंराबाड़ी की ग्राम प्रधान सोनामुनी मुर्मू की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में समाज के प्रबुद्ध जनों ने हूल क्रांति के अमर शहीदों को नमन करने और युवा पीढ़ी को इस गौरवशाली इतिहास से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की। बैठक में मौजूद कुबराज बेसरा ने कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष हूल दिवस के उपलक्ष्य में विशाल मेला और दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण होंगे। खेल प्रेमियों के लिए 28 और 29 जून को रोमांचक फुटबॉल मैचों का आयोजन किया जाएगा, जो क्षेत्र के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का एक शानदार मंच प्रदान करेगा। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि लिट्टिपाड़ा के माननीय विधायक हेमलाल मुर्मू होंगे। 30 जून को हूल दिवस के मुख्य समारोह में विधायक हेमलाल मुर्मू गुम्मामोड़ स्थित महान क्रांतिकारी सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण करेंगे। इसके साथ ही वे क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं को समेटे एक दिवसीय भव्य मेले और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भी करेंगे। इस बैठक को सफल बनाने और तैयारियों को अंतिम रूप देने में सुरेश मुर्मू, सीताराम मरांडी, मथियास मरांडी, रघु मरांडी, बीरेंद्र हेंब्रम, स्टीफन मरांडी, देवीलाल मरांडी, सैमुएल मुर्मू, सोनाधन मरांडी और राजेन्द्र मरांडी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान को लेकर यादव महासभा की बैठक, 21 जून को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** प्रांतीय यादव महासभा, झारखंड की जिला इकाई दुमका की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय, कान्हू पाड़ा, दुमका में जिलाध्यक्ष शिवनारायण दर्बे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव ने किया।

बैठक में जिला संरक्षक दिवाकर महतो, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष सौरभ यादव, मणिकांत लायक, पंकज यादव, सचिव विष्णु यादव, काशीनाथ महतो, अशोक यादव, गोलक बिहारी यादव, विश्वजीत यादव, बनमाली महतो, श्रीनिवासन यादव, शेष यादव, बसंत यादव सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं समाज <के मेधावी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 21 जून 2026 को जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय यादव महासभा, झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष बलवंत कुमार यादव को आमंत्रित किया जाएगा, जबकि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यादव पीतांबर दास विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित रहेंगे।

साथ ही प्रांतीय अध्यक्ष की सहमति प्राप्त होने पर उसी दिन जिला कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक आयोजित कर संगठन विस्तार की आगामी रणनीति पर विचार किया जाएगा।

मेधावी विद्यार्थियों की सूची तैयार करने हेतु आवश्यक विवरण प्राप्त करने की अंतिम तिथि 14 जून 2026 को सुबह 11 बजे तक निर्धारित की गई है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों का नाम, अंकपत्र की प्रति, पिता का नाम एवं मोबाइल नंबर निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराएं।




विद्यार्थियों के सूची संकलन हेतु विभिन्न प्रखंडों के प्रभारी भी नियुक्त किए गए। इसमें दुमका मुख्यालय के लिए अशोक यादव, मसलिया प्रखंड के लिए काशीनाथ महतो एवं गोलक बिहारी यादव, जामा प्रखंड के लिए नीरज यादव, सरैयाहाट प्रखंड के लिए वीरेंद्र यादव, शिकारीपाड़ा प्रखंड के लिए दयामय माजी, रानीश्वर प्रखंड के लिए मृणाल कांति घोष, जरमुंडी प्रखंड के लिए प्रमोद कुमार मंडल एवं मणिकांत यादव तथा रामगढ़ प्रखंड के लिए राजेश रंजन यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में समाज के अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में मेधावी विद्यार्थियों की जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की गई ताकि प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जा सके। अंत में अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष शिवनारायण दर्बे ने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर नई पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686